RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 202 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, रविवार 29 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर वट सावित्रीव्रत 2022 कैसे रखें व्रत जाने दैवज्ञ पंडित रमेश शर्मा



श्रद्धा ने बढ़ाया नगर का मान पेज -4 पर

## एक नजर

### मालिक को मैंनेजर ने लगाया 2 करोड़ का चूना




**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर के एमजी रोड स्थित कृष्णा हुंडई में 2 करोड़ रुपये गबन का मामला सामने आया है। पूर्व सीनियर मैनेजर के खिलाफ एजेंसी के एमडी ने गांधीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी महाप्रबंधक की तलाश शुरू कर दी है। पूर्व महाप्रबंधक एजेंसी में 14 वर्ष से कार्यरत था। उसने कंपनी में गाड़ियों व आटो पार्ट्स की बिक्री की रकम का गबन किया है। कृष्णा ऑटो राइडर्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी संजय मोदी ने बताया कि कृष्णा हुंडई की एक शाखा अंबिकापुर के एमजी रोड में संचालित है। एजेंसी में कार्यरत सीनियर मैनेजर दीपेश कुमार सिन्हा ने कंपनी के नई एवं पुरानी गाड़ियों की बिक्री की रकम कंपनी के खाते में जमा नहीं की। ग्राहकों से मिले नकद को अपने खाते में जमा कराते हुए दीपेश कुमार सिन्हा द्वारा करीब 94 लाख रुपये की हेराफेरी की गई। दीपेश कुमार सिन्हा लगभग 14 वर्ष से कंपनी में कार्यरत था। उस पर शोरूम की पूरी जिम्मेदारी दी गई थी।

# ऑनलाइन गेम खेलता रहा युवक और खाते से निकल गए 10 लाख रुपये

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर में ऑनलाइन गेम खेलकर पैसा कमाने के चक्कर में एक युवक 10 लाख रुपये गंवा बैठा। युवक ने अपना बैंक खाता चेक किया तब उसे इसकी जानकारी हुई।

उसने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। ढाई महीने पहले भी अंबिकापुर में एक व्यवसायी ने ऑनलाइन गेम में लाखों रुपये गंवा दिए थे, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर डीसी रोड निवासी राकेश कुमार तिवारी (32 वर्ष)



मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने का शौकीन है। वह रुपये लगाकर आनलाइन गेम खेलता था। 25 अप्रैल 2022 से 26 मई के बीच मोबाइल पर आए मैसेजेस और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर गेम खेलने के एवज में अच्छा लाभांश मिलने के लुभावने झांसे में आ गया। एक माह के भीतर वह कई बार ऑनलाइन गेम में शामिल हुआ। गेम खेलने वाले व्यक्ति द्वारा पहले ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर मांगा गया था। राकेश कुमार गेम खेलने में इस कदर रम गया कि 1 माह में 451 बार में 9 लाख 89 हजार रुपये का लेन-देन उसके खाते से हो गया और उसे पता ही नहीं चल पाया।

### फोन-पे से हुआ है ट्रांजेक्शन

पुलिस की जांच में यूपीआई व फोन-पे यूपीआई के माध्यम से लेन-देन की बातें सामने आ रहीं हैं। लाखों रुपये हाथ से निकलने की जानकारी जब उसे मिली तो उसके होश उड़ गए। कोतवाली पुलिस ने मामले में धारा 420, 66 डी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### एक व्यवसायी ने की थी आत्महत्या

बता दें कि ढाई माह पहले 5 मार्च को गोधनपुर वसुंधरा विहार निवासी व्यवसायी ने ऑनलाइन गेम में लाखों रुपये गंवाने के बाद अपनी पुत्री और पुत्र को जहर देकर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना में व्यवसायी वह उसकी आठ पुत्री की मौत हो गई थी। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने ऑनलाइन गेम प्लेटफार्म को नोटिस भी भेजा था। लगातार ठगी के मामले सामने आने के बाद भी ऑनलाइन गेम में पैसा लगाने वालों की कमी नहीं है।

सड़क पर जैन समुदाय, अमित बघेल पर एफआईआर दर्ज

# समाज के लोगों ने की गिरफ्तारी की मांग, राज्यपाल ने किया डीजीपी को फोन

रायपुर। शनिवार को रायपुर में सकल जैन समाज ने शांति मार्च निकाला। मामला जैन मुनियों पर की गई अभद्र टिप्पणी से जुड़ा है। शांति मार्च के लिए सुबह रायपुर के जैन दादावाड़ी में सभी पदाधिकारी जमा हुए, समाज के तमाम लोग पैदल मार्च करते हुए राजभवन के लिए निकले। टाउन हॉल के पास पुलिस ने जैन समाज के लोगों को रोका। यहां से 11 लोगों का प्रतिनिधिमंडल राजभवन जाने के लिए आगे बढ़ा।

राज्यपाल अनुसुइया उइके से मिलकर सकल जैन समाज के




पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। प्रदेश भर में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ जैन समुदाय सड़कों पर उतर रहा है। दरअसल बालोद में अमित बघेल ने जैन मुनियों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इसी का गुस्सा अब फूट पड़ा है। जैन समुदाय अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग कर रहा है, यही मांग राज्यपाल से भी की गई।

समाज के पदाधिकारी अभय भंसाली ने बताया- बालोद में घटना हुई, हमारे जैन समाज के गुरु संतों के खिलाफ पहली बार देश में किसी ने ऐसी अपमान जनक बातें कहीं। हम अपने गुरुओं को परमात्मा का दर्जा देते है, उनपर शब्दों का हमला हुआ है। कल को कोई घटना न हो, हमें डर है। इसलिए हमने राज्यपाल से मुलाकात की। अनुसुइया उइके ने हम सभी को बताया कि उन्होंने पहले ही DGP से फोन पर बात की और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी से बात की है और जल्द ही इस मसले पर मुख्यमंत्री से भी चर्चा करेंगी। उन्होंने कहा जैन समाज अहिंसक समाज है आप बेफिक्र रहें कार्रवाई होकर ही रहेगी।

### इधर, दर्ज की गई FIR

प्रदेशभर में अमित बघेल के खिलाफ मचे बवाल के बाद आखिरकार बालोद पुलिस को केस दर्ज करना ही पड़ा। अमित बघेल के खिलाफ IPC की धारा 295 ए के तहत केस दर्ज है। भारतीय दंड संहिता की धारा 295 के अनुसार, जो कोई किसी उपासना के स्थान को या किसी वर्ग के धर्म का अपमान करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। जैन समाज ने इसे सिर्फ खानापूर्ति करने वाली कार्रवाई बताई है।

# डैम में डूबने से 2 छात्रों की मौत, 1 गंभीर

## बर्थ डे सेलिब्रेशन के लिए 5 दोस्त गए थे चचई बांध

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में डैम में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गई। वहीं, तीसरा छात्र गंभीर है। छात्र जन्मदिन पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे।

तभी डैम में नहाते समय यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि एक छात्र राजा कश्यप नहाते समय डूब रहा था, जिसे बचाने के चक्कर में उसके दो दोस्त गहराई में चले गए। राजा को बचाने की कोशिश करने वाले दोनों दोस्त डूब गए, जबकि राजा के फेफड़ों में पानी जाने से वह गंभीर हो गया। पुलिस ने दोनों के शव को बाहर निकाल लिया है। वहीं राजा को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना रतनपुर क्षेत्र के लछनपुर स्थित चचई डैम की है।



कोटा SDOP आशीष अरोरा ने बताया कि शनिवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के दयालबंद नारियल कोठी के रहने वाले 16 से 18 साल के 5 स्टूडेंट अपने दोस्त अंकित के जन्मदिन पर पिकनिक मनाने गए थे। दोपहर बाइक में सवार पांचों दोस्त रतनपुर से सात किलोमीटर दूर कलमीटार-लछनपुर स्थित चचई डैम पिकनिक मनाने पहुंचे। बताया जा रहा है कि यहां सभी डैम में उतरकर नहा रहे थे। तभी राजा कश्यप गहराई में जाकर डूबने लगा। उसे डूबते देखकर अंकित पनिकर और आकाश कश्यप बचाने के लिए गहराई में चले गए। दोनों गहरे पानी में डूबने लगे। यह देखकर किनारे मौजूद नवीन पनिकर और प्रेम कश्यप ने चिल्लाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। लेकिन, तब तक तीनों गहराई में समा गए थे।

# गोधन न्याय योजना से पशुपालकों की आय में वृद्धि हुई

शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में हो रहा सुधार

**रायपुर।** विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहनासाइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है।

आज दुर्ग जिले की ग्राम दमोदा, अरानी, समोदा,ननकट्ठी ,गाड़ाघाट, हिर्री,बोरई, करंजा, जनपद दुर्ग सहित विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर विकास योजनाओं की सराहना की।प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में आर्थिक



**विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहना**

रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना कारगर साबित हो रहा है। इससे सरकारी स्कूलों के प्रति विद्यार्थियों एवं पालकों का रुझान बढ़ा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सरकारी स्कूलों में दिलवा कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओंग्राम पंचायत ननकट्ठी के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की प्रशंसा की।

# लकडी का अवैध परिवहन,दो वाहन जब्त

**रायपुर** । तिल्दा वन स्टॉफकी टीम ने शनिवार को दो अलग अलग जगहों से दो ट्रकों में अवैध रूप से लकड़ी लट्ठा का परिवहन कर रहे ट्रक को पकड़ा तथा ट्रक चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार एक मामला रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे मार्ग पर जिओ पेट्रोल पंप के पास का है जहां वन विभाग की टीम ने गीला अर्जुन लकड़ी का लट्ठा से भरे हुए एक मेटाडोर क्रमांक सी 10 क्र 0244 को रोका तथा तथा ट्रक सहित लट्ठा जप्त किया वहीं एक अन्य स्थान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरसींवा के पास एक ट्रक क्रमांक सी 04 जेडी 3285 को पकड़ा जिसमें गीला अर्जुन लकड़ी के लट्ठे भरे हुए थे। मामलें में टीम ने लकड़ी का अवैध रूप से परिवहन कर रहे दोनों गाडियों को जप्तीनामा बनाकर गाडियों को काष्ठागार धरसींवा लाया गया तथा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# देश के बेहतर भविष्य के लिए बाल अधिकारों की सुरक्षा बेहद आवश्यकः राज्यपाल

राज्यपाल 'अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हुईं शामिल

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज राष्ट्रीय युवा शक्ति संगठन एवं साधना प्लस चैनल द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके बेहतर विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल सुश्री उइके ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली दिव्यांग समाजसेवी सुश्री लक्ष्मी साहू को मंच से उतर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले 15 लोगों को सम्मानित किया।

कोरोना महामारी के दौरान बच्चों पर हुए नकारात्मक प्रभाव पर बोलते हुए सुश्री उइके ने कहा




कि इसने समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी को बुरी तरह प्रभावित किया है। लेकिन इस त्रासदी ने बड़े पैमाने पर बच्चों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बड़ी संख्या में बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है। उनकी मानसिक स्थिति पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने ऐसे बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए शासन से लेकर व्यक्तिगत स्तर पर सहायता पहुंचाने की आवश्यकता बतलाई। उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ के जिंदगी में माता-पिता अपने परिवार अपने बच्चों को समय नहीं दे पाता। कोरोना ने लोगों को परिवार के महत्व की अनुभूति कराया है। हमें अपने काम के साथ-साथ अपने परिवार और बच्चों को भी पर्याप्त समय देने की आवश्यकता है।




भूमिपूजन... राजीव गांधी किसान न्याय योजना से आया खेती-किसानी में बड़ा बदलाव - कृषि मंत्री

# कृषि मंत्री चौबे ने देवकर में किया 14.91 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

रायपुर। प्रदेश के कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के नगर पंचायत देवकर के गांधी चौक मैदान में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष

कृषि मंत्री श्री चौबे ने नगर पंचायत देवकर में 5 करोड़ 27 लाख 63 हजार रुपये की लागत वाले 4 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, इनमें ग्राम पंचायत देवकर में किसान कुटीर हेतु 13.11 लाख रुपये, दुर्ग बेमेतरा मुख्यमार्ग से नगर पंचायत देवकर कार्यालय भवन तक सीसी



रोड निर्माण कार्य 2 करोड़ 21 लाख 18 हजार रुपये, नवीन धान खरीदी केन्द्र में कव्हर्ड शेड एवं किसान कुटीर निर्माण कार्य 52.53 लाख रुपये एवं मेन रोड से नगर पंचायत, भरत साहू के घर से जोगी तालाब, स्वास्थ्य केन्द्र से जामगांव रोड डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण कार्य 2 करोड़ 40 लाख 81 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा।

### योजनाओं के सुधार एवं नहर लाईनिंग के कार्य

***इसी क्रम में विकासखण्ड साजा के 60 ग्राम पंचायतों में 7 करोड़ 64 लाख 33 हजार रुपये की लागत वाले सीसी सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन व लोकार्पण किया, जिसमें 44 ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं 16 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।***

ग्रामीणों के साथ खड़ी हुई जिला पंचायत

# सरगुजा जिला पंचायत में कोल ब्लॉक आवंटन के लिए दोबारा ग्राम सभा का प्रस्ताव, कलेक्टर को पत्र

**रायपुर/अंबिकापुर** ।परसा कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध कर रहे ग्रामीणों के साथ सरगुजा की जिला पंचायत भी खड़ी हो गई है। सरगुजा जिला पंचायत ने बकायदा एक प्रस्ताव पारित कर घाटबर्रा और साल्ही ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया है। इसमें कोल ब्लॉक आवंटन के प्रस्ताव पर दोबारा ग्राम सभा बुलाने की मांग की है। जिला पंचायत की अध्यक्ष मधु सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर दोबारा ग्राम सभा कराने की बात की है।

ऐसा ही पत्र सरगुजा जिला पंचायत में कांग्रेस के सभी सदस्यों ने भी लिखा है। मुख्य पत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह ने




बताया है, घाटबर्रा और साल्ही के ग्रामीणों ने बताया है कि कोयला खनन के लिए ग्राम सभा से जो अनुमति ली गई है वह शंकास्पद है। ग्रामीणों का कहना है, 28 अगस्त 2017 को फतेहपुर, 24 जनवरी 2018 को हरिहरपुर और 27 जनवरी 2018 को साल्ही गांव में हुई ग्राम सभा में कोयला उत्खनन की अनुमति से जुड़े किसी प्रस्ताव पर चर्चा ही नहीं हुई थी। इसे बाद में दस्तावेजों में शामिल कर लिया गया, जो कि अवैध है। ग्रामीणों का कहना है, वे हर मंच पर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जो लोग खदानों का समर्थन कर रहे हैं, वे उनके गांव में नहीं रहते। वहीं खदान समर्थकों का कहना है कि आंदोलन कर रहे लोग उनके क्षेत्र में नहीं रहते। ऐसे में ग्रामीणों का मत जानने के लिए इन गांवों में पूर्ण कोरम के साथ विशेष ग्राम सभा का आयोजन एक साथ हो ताकि एक-एक परिवार का स्पष्ट मत सामने आ सके।

# भारत-नेपाल संबंधों में आता सुधार, बिग ब्रदर रवैये को त्यागने की जरूरत पर जोर

भारत-नेपाल संबंधों की वास्तविक नींव 1950 में मैत्री संधि पर हस्ताक्षर करने के साथ रखी गई थी, जिसमें निरंतर प्रगाढ़ता देखी गई, लेकिन 2015 में आए नए संविधान में तराई के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए नेपाल पर दबाव बनाने की खातिर भारत द्वारा की गई नाकेबंदी के बाद रिश्तों में खटास आ गई। इस हिमालयी देश के विभिन्न शासनों ने भारत के साथ रिश्ते बेहतर बनाए रखे, लेकिन भारत के साथ उसके रिश्ते तब खराब हुए, जब केपीएस ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट सरकार ने नया नक्शा जारी किया, जिससे लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को नेपाल के क्षेत्र के रूप में दिखाया गया।

भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और चेतावनी देने के अलावा इसे एकतरफा कार्रवाई बताया। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों लुंबिनी की यात्रा की थी, जो उनकी पांचवीं नेपाल यात्रा थी। इससे पहले भी 2018 में उन्होंने जनकपुर धाम की यात्रा की थी। भारत और नेपाल के बीच छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो भविष्य में संबंधों को बेहतर बनाएंगे। इनमें 79.12 अरब रुपये की लागत वाली एरिन-वन-वी जल विद्युत परियोजना भी शामिल है। नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के साथ भारत केसंबंधों को कमजोर करने के लिए चीन का कारक जिम्मेदार रहा है, इसलिए चीन को मात देने के लिए, जो अमेरिका की जगह महाशक्ति देश बनने की महत्वाकांक्षा पाले हुए है, भारत को चतुर कूटनीति का विकल्प चुनना चाहिए। ऊर्जा क्षेत्र में भविष्य के संयुक्त सहयोग की नींव रखना तथा देउबा और मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों पक्षों के बीच छह समझौतों पर हस्ताक्षर दोनों देशों में बिजली की मांग को पूरा करने के लिहाज से दूरगामी फैसला है। देउबा ने वेस्ट सेती हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के विकास के लिए भारत की इच्छुक कंपनियों को भी आमंत्रित किया है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने पंचेश्वर बहुउद्देश्यीय परियोजना को प्राथमिकता के साथ लेने पर सहमति व्यक्त की है, जो बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान कर स्थानीय लोगों की उन्नति में मदद कर सकती है। एक और पहल भविष्य के लिहाज से लाभप्रद होगी, क्योंकि दोनों पक्षों ने बुद्ध के जन्मस्थान लुंबिनी और कुशीनगर के बीच सिस्टर सिटी संबंध स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त



**भरोसे पर टिकी मैत्री**

> दिल्ली और काठमांडू के पूर्व राजनयिक कहते हैं कि भारत को अपने दशकों पुराने दोषपूर्ण रवैये पर पुनर्विचार करना चाहिए, जो इस हिमालयी देश में भारत-विरोधी भावनाओं को पैदा करने के लिए जिम्मेदार था, क्योंकि इसने भू-राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं पर ध्यान ही नहीं दिया।

की है, जहां बुद्ध ने महाप्रयाण किया था। देउबा के प्रयास भारत की समान भागीदारी वाली वित्तीय और तकनीकी सहायता से जलविद्युत परियोजनाओं के जरिये विकास सुनिश्चित करने की संप्रभुता और दायित्व से निर्धारित हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, नेपाल के विकास कार्यक्रमों में मदद के लिए अगले दो साल में काठमांडू को 56 अरब नेपाली रुपये की बड़ी सहायता घोषणा के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते तेजी से बढ़ रहे थे। लेकिन उसके बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए नेपाल के साथ बीस समझौते किए। इसके अलावा मोदी सरकार ने 2015 में जो नाकाबंदी की, उससे नेपाली जनता नई दिल्ली के खिलाफ हो गई। भारत का उद्देश्य तराई क्षेत्र (बिहार से सटे) के नागरिकों की मदद के लिए नेपाल सरकार पर दबाव बनाना था, जो उस समय बनाए जा रहे संविधान में अधिक हिस्सेदारी चाहते थे। नेपाल को भारत से अलग करने की चीन की योजना का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी धार्मिक कूटनीति को आगे बढ़ाना पसंद किया, जिसे उन्होंने 2018 में सीता के गृह स्थान जनकपुर की यात्रा के जरिये शुरू की थी, ताकि नेपाल-भारत द्विपक्षीय संबंधों को ऊर्जा के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। जनकपुर की अपनी पूर्व यात्रा को याद कर हुए मोदी ने लुंबिनी में कहा भी कि नेपाल के बिना हमारे राम अधूरे हैं, लेकिन मुझे पता है कि आज जब भारत में एक बहुत बड़ा मंदिर बन रहा है, तब नेपाल के लोग भी उतने ही खुश हैं। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अपने 20 मिनट के संबोधन में मोदी ने तब कहा था, भारत और नेपाल की हमेशा से मजबूत होती दोस्ती और हमारी निकटता से पूरी मानवता को मौजूदा दौर में उभरने वाली वैश्विक परिस्थितियों में लाभ होगा। नेपाल के प्रधानमंत्री देउबा भारत को निकट पड़ोसी और विश्वस्त मित्र बता रहे हैं।

लुंबिनी में उन्होंने स्पष्ट कहा था कि वह भारत स्थित बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर को शामिल करते हुए बुद्ध सर्किट विकसित करने के लिए उत्सुक हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह देउबा और उनके भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी की आम धारणा थी, जो विगत अप्रैल में बिजली क्षेत्र में सहयोग पर एक संयुक्त विजन स्टेटमेंट के लिए सहमत हुए थे, जो इस ढांचे के तहत बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल (बीबीआईएन) जैसे सहयोगी देशों को शामिल कर बिजली क्षेत्र में विस्तार पर आधारित है और जो इन देशों के बीच परस्पर सहमति से होगा। विजन स्टेटमेंट के अनुसार, दोनों पक्ष नेपाल में बिजली उत्पादन परियोजनाओं के दोहन और विकास पर सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए हैं और जो दो पड़ोसियों के बीच संबंधों को और मजबूत करता है।

केएस तोमर

## संपादकीय

### महंगाई रोकने की चुनौती

चुनौती मूल्य नियंत्रण के उपाय करके यह सुनिश्चित करने की है कि टैक्स कटौती के लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचे। ऐसा नहीं हुआ, तो राजकोष की कीमत पर कंपनियों का मुनाफा बढ़ेगा, जबकि महंगाई जस की तस बनी रहेगी।


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उचित ही यह कहा कि आरबीआई जून में फिर से ब्याज दरें बढ़ाएगा, यह समझने के लिए बहुत ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं है। अब जबकि यूरोपियन सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने भी ब्याज दरों बारे में अपनी नीति को पलटने का एलान दिया है, तो पारंपरिक समझ के अनुसार भारत जैसे उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों के सामने इसके अलावा कोई चारा भी नहीं रह गया है। अब तक दुनिया के वित्तीय और मौद्रिक बाजार अमेरिकी सेंट्रल बैंक- फेडरल रिजर्व के ब्याज दरें बढ़ाने से हिचकोले खा रहे थे। ईसीबी की नीति अब एक नई स्थिति पैदा करेगी। गौरतलब है कि ईसीबी ने 2014 से नकारात्मक ब्याज दर की नीति अपना रखी थी। इस वक्त वहां ब्याज दर माइनस 0.5 प्रतिशत है। यानी सौ रुपये बैंक में रखने पर जमाकर्ता को 50 पैसे का ब्याज देना पड़ता है। लेकिन अब ईसीबी की प्रमुख क्रिस्टीन लगार्ड ने कहा है कि ये नीति समाप्त की जा जाएगी। संभावना जताई गई है कि शुरुआत में ईसीबी अगले जुलाई में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगा। ये खबर आते ही यूरोपियन यूनियन क्षेत्र की मुद्रा यूरो के भाव में बढ़ोतरी देखी गई, जिसमें यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से लगातार गिरावट का रुख था।

# सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में संभावनाएं, भारत में है ग्लोबल चिप पावर हाउस बनने की क्षमता

तेजी से बदलते डिजिटल दौर में सेमीकंडक्टर या माइक्रोचिप का महत्व भी बढ़ा है। सिलिकॉन की बनी लगभग आधे इंच की इस चिप की उपयोगिता मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट और फिटनेस बैंड से लेकर अस्पतालों में उपयोग में आने वाली टेस्टिंग मशीन तक में देखी जा सकती है। सेमीकंडक्टर भविष्य का न्यू ऑयल है। कोविड के समय से ही इसकी कमी देखी गई है, क्योंकि चीन, अमेरिका, ताइवान इसके सबसे बड़े निर्माता देशों में शुमार हैं। इस चिप में पैलेडियम धातु का उपयोग किया जाता है।

रूस इसका सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता देश है। रूस-यूक्रेन युद्ध के असर से भी हमारे देश में इसकी कमी देखी गई है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारूति-सुजूकी माइक्रोचिप की कमी के कारण ही विगत अप्रैल में डेढ़ लाख कारें कम बना पाई। इसका कारण यह है कि हमारे यहां अब भी माइक्रोचिप का बाहर से आयात किया जाता है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने सेमीकंडक्टर निवेशकों को भरोसा दिया है कि वर्ष 2026 तक देश में 80 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर की खपत होने लगेगी और 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर 110 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

भारत के इंजीनियर बड़ी कंपनियों के लिए चिप डिजाइन करते हैं, साथ ही, साथ उसकी पैकेजिंग तथा टेस्टिंग भी करते हैं। लेकिन ये चिप अमेरिका, चीन, ताइवान तथा यूरोपीय देशों में बनाए जाते हैं। अपने देश में चिप



**डिजिटल दुनिया**

> माइक्रोचिप की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए भारत के लिए इसमें अवसर की अपार संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, क्योंकि देश में हर साल 70 करोड़ एलईडी बल्ब बनते हैं। इनमें एक ड्राइवर चिप लगती है, जिसे चीन से आयात किया जाता है। चूंकि अगले कुछ वर्षों में देश में एलईडी बल्ब की खपत एक अरब का आंकड़ा पार कर लेगी, ऐसे में, यहां चिप की खपत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

के फेब्रिकेशन प्लांट का न होना एक विडंबना है। हमारे यहां कच्चे तेल और सोने के बाद सबसे ज्यादा आयात इलेक्ट्रॉनिक्स का होता है और भारत अभी सिर्फ सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन यानी कि चिप डिजाइन का मात्र एक हिस्सा है। अत: सेमीकंडक्टर के मामले में भारत को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहल करनी होगी और इसके लिए एक पूरा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा, क्योंकि अपने यहां हुनर, प्रतिभा तथा योग्यता की कोई कमी नहीं है। भारत में ग्लोबल चिप पावर हाउस बनने की क्षमता है। दुनिया में इसकी बढ़ती हुई अहमियत को ध्यान में रखते हुए भारत ने 10 अरब डॉलर का इंसेंटिव ग्लोबल चिप कंपनियों को देने की बात कही है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का मानना है कि अगले साल मई-जून तक देश में पहली सेमीकंडक्टर फैब यूनिट तैयार हो जाएगी। हालांकि यूनिट लगाने तथा मैन्यूफैक्चरिंग शुरू करने में चार-पांच साल लग जाते हैं। कई अन्य कंपनियों ने कर्नाटक के मैसूर में तीन अरब डॉलर का निवेश करने की बात कही है। केंद्र सरकार ने भी इस योजना में अहम भूमिका निभाते हुए पहले की अपेक्षा 50 फीसदी तक का लाभ कंपनियों को देने की बात कही है। जाहिर है, इससे निवेशकों को बहुत राहत मिलेगी। भारत में दो तरह से सेमीकंडक्टर प्लांट लगेंगे, सिलिकॉन फैब यूनिट और कंपाउंड सेमीकंडक्टर प्लांट। इनमें से सिलिकॉन फैब प्लांट बनने में तीन से चार साल लग जाएंगे, लेकिन कंपाउंड सेमीकंडक्टर प्लांट अगले साल तक तैयार हो जाएंगे। माइक्रोचिप की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए भारत के लिए इसमें अवसर की अपार संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, क्योंकि देश में हर साल 70 करोड़ एलईडी बल्ब बनते हैं। इनमें एक ड्राइवर चिप लगती है, जिसे चीन से आयात किया जाता है। चूंकि अगले कुछ वर्षों में देश में एलईडी बल्ब की खपत एक अरब का आंकड़ा पार कर लेगी, ऐसे में, यहां चिप की खपत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

रिषभ मिश्रा

## मिला जुला

# मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा का तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कन्या हाईस्कूल में प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।





सीतापुर के कन्या शाला स्कूल के सभाकक्ष में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा का तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण सीतापुर जनपद उपाध्यक्ष शैलेश सिंह के मुख्य अतिथि व सीतापुर शिक्षा विकास खंड अधिकारी मिथिलेश सिंह सेंगर, प्राचार्य जेएल सिदार व डाइट अम्बिकापुर से उक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए सीतापुर विकासखंड के प्रभारी लक्ष्मण सिंह चौहान की गरिमामय उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ। शिक्षा स्थाई समिति जनपद पंचायत सीतापुर के अध्यक्ष शैलेष सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहां कि उक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर आप सभी अपने-अपने संकुलों व स्कूलों के बच्चों के साथ-साथ समाज व समुदाय के सदस्यों को भी इस प्रशिक्षण के अवगत करा कर जागरूक करें। जिससे वे भी आत्म सुरक्षा के उपायों से परिचित हो अपनी व दूसरे की सुरक्षा कर सके। डाइट अम्बिकापुर से उक्त प्रशिक्षण के सीतापुर विकासखंड के प्रभारी लक्ष्मण सिंह चौहान का भी ओजस्वी व सारगर्भित उद्बोधन उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हुआ। अपने स्वागत उद्बोधन में सीतापुर विकास खंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश सिंह सेंगर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण में उपस्थित सभी संकुल समन्वयकों व शिक्षकों को पूरे समय प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने की नसीहत दी। इस तीन दिवसीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर सुनील तिवारी व प्रशांत चतुर्वेदी है। जिन्होंने बहुत ही अच्छे से प्रशिक्षणार्थियों को आज का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी उमेश मिश्रा ने किया।

# तिहाड़ में बंद 19,584 कैदियों में सबसे उम्रदराज ओम प्रकाश चौटाला

### जेल में 80 साल से अधिक उम्र के 7 कैदी



**नई दिल्ली।** 87 साल के ओम प्रकाश चौटाला तिहाड़ की अलग-अलग जेलों में बंद 19,584 कैदियों में सबसे उम्रदराज हैं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने शुक्रवार को चौटाला को दोषी ठहराया और चार साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने उन पर 50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जेल के सीनियर अधिकारियों के अनुसार चौटाला को जेल नंबर 2 लाया गया, जहां उन्हें शुक्रवार शाम करीब 5 बजे दो अन्य कैदियों के साथ एक सेल में रखा गया। जेल के रिकॉर्ड के अनुसार, चौटाला 80 वर्ष से अधिक आयु के सात कैदियों में से एक हैं। 70 और 80 वर्ष की आयु के बीच 63 अन्य कैदी हैं। शुक्रवार को चौटाला को सजा सुनाए जाने तक हत्या का 85 वर्षीय दोषी जेल में सबसे पुराना कैदी था। वृद्धावस्था और स्वास्थ्य कारणों की वजह से चौटाला 70 वर्ष से अधिक आयु के अन्य कैदियों की तरह भी बिस्तर के हकदार होंगे। अधिक उम्र के कैदियों को भी जेल की फैक्ट्रियों में कोई काम नहीं दिया जाता है।

# मौलाना बोले- दिलों के मंदिर टूट जाएंगे तो मंदिर-मस्जिद का क्या होगा



**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर में मुस्लिम संगठन जमीयत उलमा-ए-हिंद का दो दिनों का बड़ा सम्मेलन चल रहा है। 25 राज्यों के प्रतिनिधि इस्लाम के खिलाफ झूठे प्रचार से निपटने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं। ज्ञानवापी मुद्दे के सवाल पर जमीयत उलमा-ए-हिंद के नेशनल सेक्रेटरी मौलाना नियाज अहमद फारूकी ने कहा, 'हर शासकों ने गलतियां की हैं। जिसे हम भुगत रहे हैं। इन्हें सुधारने के लिए एक साथ बैठकर हल निकालना होगा। इससे बड़ा तो हमारा दिल है। जहां पर भगवान और अल्लाह विराजमान हैं। हम अपने दिलों को बांट देंगे तो इन मंदिरों-मस्जिदों का क्या होगा। अगर हमारे दिल सही रहेंगे तो हमारा मकसद धार्मिक रहेगा। ऐसा कोई विवाद न हो जिससे हमारे रिश्ते टूटे। फिर चाहे ये मंदिर और मस्जिद टूटे या बने इससे फर्क नहीं पड़ेगा।' मौलाना नियाज अहमद ने कहा, 'मौलाना नियाज अहमद फारूकी ने कहा, 'आज हमारा देश धार्मिक बैर भाव और नफरत में जल रहा है।

# मोदी सरकार के फैसले से UAE के सामने आया बड़ा संकट



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से ही गेहूं की कमी से जूझ रही दुनिया को उस वक्त एक बड़ा झटका लगा जब 14 मई को भारत सरकार की तरफ से गेहूं निर्यात पर प्रतिबंधों का ऐलान किया गया. भारत में हीट वेव के कारण गेहूं उत्पादन कम होने की आशंका है जिससे घरेलू बाजार में कीमतें बढ़ गई हैं. इसे देखते हुए भारत ने गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है. भारतीय गेहूं का प्रमुख खरीददार संयुक्त अरब अमीरात भी इस प्रतिबंध से परेशान है क्योंकि देश में आटे की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो रही है. यूएई के स्थानीय उद्योग के व्यापारियों का कहना है कि दुनिया के दो प्रमुख गेहूं उत्पादकों, यूक्रेन और रूस में युद्ध के कारण यूएई में इस साल गेहूं की कीमतें लगभग 10-15 प्रतिशत बढ़ी हैं। अल आदिल ट्रेडिंग के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ धनंजय दातार ने यूएई के एक प्रमुख अखबार से बातचीत में कहा कि युद्ध के कारण रूस और यूक्रेन से वैश्विक बाजार में गेहूं नहीं आ रहा है।

# बेलसोंडा सरपंच पर लगा निराधार आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



ग्राम पंचायत बेलसोडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर पर उनकी उपसरपंच द्वारा लगाया गया आरोप निराधार एवम् बेबुनियाद है। उपसरपंच द्वारा जनपद सीईओ को लिखित शिकायत करके आरोप लगाया गया है कि उनको मासिक बैठक मे सम्मिलित होने की सूचना नही दी जाती है तथा 14 मई 2022 की बैठक मे उनकी कुर्सी हटा दिया गया था। इसके अलावा सरपंच पति पोखन चंद्राकर द्वारा पंचायत कार्यों मे हस्तक्षेप किया जाता है। इस संबंध में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया गया कि उपसरपंच द्वारा लगाया गया आरोप तथ्यहीन एवम् बेबुनियाद है। चंद्राकर ने विस्तारपूर्वक उपसरपंच के आरोपो का कटाक्ष करते हुए बताई कि दिनांक 17 मार्च को मासिक बैठक के बाद अप्रैल की मासिक बैठक के लिए जब सूचना पंजी उपसरपंच के घर भिजवाया तो वह घर मे उपस्थित रहते हुए भी सूचना पंजी मे सिर्फइसलिए हस्ताक्षर नहीं किया कि उनके हस्ताक्षर नहीं करने पर अन्य कोई भी पंच सूचना पंजी मे हस्ताक्षर नही करेगा जिससे बैठक आयोजित नहीं हो पाएगी। लेकिन उनके हस्ताक्षर नहीं करने के बावजूद अन्य सभी पंचों ने सूचना पंजी का सम्मान करते हुए सरपंच का साथ देते हुए बैठक मे सम्मिलित हुई जिस कारणवश उपसरपंच को आत्मग्लानि हुई तथा आक्रामक रवैया अपनाते हुए बौखलाहट मे आकर सरपंच पति पर आरोप लगाया कि वह पंचायत कार्यों मे दखलंदाजी करता है जबकि सरपंच पति गांव से बाहर रहता है क्योंकि वह शासकीय सेवक है। सरपंच चंद्राकर ने बताया कि दिनांक 14 मई 2022 की बैठक हेतु उपसरपंच को लिखित सूचना इसलिए नहीं भिजवाई थी कि उसने पूर्व मे सूचना पंजी का अपमान किया था परन्तु कर्मचारी द्वारा उनके मोबाइल पर बैठक हेतु सूचना दी गई थी। उपसरपंच के आरोप का खंडन करते हुए सरपंच चंद्राकर ने बताई कि 14 मई 2022 को उपसरपंच अपनी मायके शादी मे गई थी तो उनकी कुर्सी हटाने का प्रश्न ही खड़े नही होता लेकिन उनकी इस अशोभनीय हरकत के लिए अब वह उनकी कुर्सी जरूर हटवाएगी क्योंकि उपसरपंच की न तो कोई चौम्बर होता है और न ही कोई अन्य शक्ति। इसलिए वह पंचायत मे अन्य पंचों के साथ ही बैठेगी। सरपंच ने उपसरपंच पर यह आरोप लगाया कि वह पंचों को अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए दबाव डालती है तथा अपने पति जितेंद्र चंद्राकर को पंचायत की बैठक मे भेजकर गाली गलौज भी करवाती है जिससे महिला पंचों की सम्मान पर ठेस पहुंचना स्वाभाविक है तथा महिला पंचों मे भय व्याप्त है क्योंकि उपसरपंच पति का सामाजिक व्यवहार ठीक नहीं है जिससे वह अपनी मानसिक संतुलन खोकर कुछ भी बकवास कर देता है इससे पूर्व मे वह अपनी मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने के कारण निवर्तमान थानेदार शेरसिंह को भी थाने के अंदर सभी स्टाफ के समक्ष गाली गलौज कर चुका है जिसे उनके पति पोखन चंद्राकर द्वारा ही जमानत देकर छुड़वाया गया था। उपसरपंच द्वारा सचिव गावस्कर दास मानिकपुरी को भी पुरुषों जैसे गाली गालौच किया जाता है जो कि एक महिला को शोभा नहीं देता है। उपसरपंच को डर है कि कोई भी पंच उनकी बात नही मान रही है इसलिए अपनी पद जाने के भय से ही वह यह सब प्रपंच एवं ढोंग कर रही है।

# सोरिद सरपंच के भूख हड़ताल को सर्व आदिवासी समाज ने दिया समर्थन

## पिता और पुत्रियों का अनशन चौथे दिन भी जारी रहा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




ग्राम पंचायत सोरिद के पूर्व सरपंच और उनकी बेटियों द्वारा किया जा रहा भूख हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी रहा। साल 2009 से 2014 तक सरपंच रहे ईश्वर प्रसाद ध्रुव द्वारा अपने कार्यकाल में विकास के अनेक कार्य करवाए गए थे जिन पर से उन्हें कार्यकाल पूर्ण होने तक 3 लाख 48 हजार रुपये का भुगतान अप्राप्त था। सरपंच सुशीला गंधर्व के नेतृत्व में नविन पंचायत गठित होने के बाद पूर्व सरपंच बकाया भुगतान पाने के लिए सरपंच और सचिव के चक्कर काटता रहा। सचिव हेमलाल बघेल द्वारा पूर्व सरपंच ईश्वर ध्रुंव से आज कल में टरकाते हुए सुशीला गन्धर्व का कार्यकाल भी पूरा होने को आ गया लेकिन ईश्वर ध्रुव को बकाया भुगतान नहीं मिला। इसके बाद ईश्वर ध्रुव द्वारा जनपद पंचायत से सूचना का अधिकार के अंतर्गत मांगी गयी जानकारी से खुलासा हुआ किए सरपंच सुशीला गन्धर्व और सचिव हेमलाल बघेल द्वारा ईश्वर ध्रुव के कार्यकाल में हुएए विकास कार्यो का बकाया पैसा आहरित करए अनाप शनाप रूप से खर्च करना बता दिया गया है । ईश्वर ध्रुव इसे लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है और अन्यथा की स्थिति में भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी । इसके पश्चात् तत्कालीन जनपद अध्यक्ष द्वारा जनपद पंचायत में ईश्वर ध्रुव तथा निर्वित्मान सरपंच शुशीला गन्धर्व और वर्तमान सरपंच सेवती ध्रुव सहित सोरिद पंचायत के ग्रामीणों और जनपद पंचायत के अधिकारियो कर्मचारियो की संयुक्त बैठक में पूर्व सरपंच ईश्वर ध्रुव को बकाया भुगतान किये जाने पर एक मतेन सहमती बनी जिससे ईश्वर ध्रुव ने भूख हड़ताल का निर्णय वापस ले लिया है। आगे 15 माह तक बकाया भुगतान में विलम्ब होने पर ईश्वर ध्रुव ने फिर से बूढ़े मां बाप और अपनी 10 बेटियों के साथ हड़ताल करने का ऐलान कर दिया। इससे पुनः हड़कंप मची और जनपद पंचायत सीईओ पंचायत इंस्पेक्टर पंचायत सचिव एवं थाना प्रभारी की मौजूदगी में जांच और भुगतान के लिए कार्यवाही की बात कर लिखित समझौता हुआ और एक बार फिर ईश्वर ध्रुव ने भूख हड़ताल करने का निर्णय स्थगित कर दिया इसके कुछ समय बाद चेक माध्यम से पूर्व सरपंच ईश्वर ध्रुव को दो किश्तों में 1 लाख 45 हजार रुपये का बकाया भुगतान प्राप्त हो चूका है। शेष बकाया 2 लाख 3 हजार भुगतान पाने के लिए ईश्वर ध्रुव बीते 25 मई से पटवारी कार्यालय के सामने आन्दोलनरत है । ईश्वर ध्रुव के हड़ताल को बेलसोंडा पंचायत की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर, कांपा पंचायत के सरपंच कमल नारायण साहू, पूर्व जनपद सदस्य योगेश्वर चंद्राकर, किसान नेता अश्वंत तुषार साहू द्वारा समर्थन देकर हड़ताल को जायज ठहराया गया है। इसी क्रम में आज छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज महासमुंद जिला में भी ईश्वर ध्रुव के भूख हड़ताल को समर्थन पत्र जारी किया है और कहा है कि आज के दौर में केवल अजजा.अजा वर्ग के आम लोग ही नहीं तथा जन प्रतिनिधि भी परेशान है। हमारे आदिवासी समाज के पूर्व सरपंच द्वारा कराये गए कार्यो का बकाया भुगतान लापरवाह और मतलबी अधिकारियो की वजह से आज तक नहीं हो पाया है । जिससे आदिवासी ईश्वर ध्रुव के गृहस्थ जीवन में दुखो की बाढ़ आ गयी है और इन्हें पुरे परिवार के साठ भूख हड़ताल पर बैठना पड़ रहा है। सर्व आदिवासी समाज के महासमुंद जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर और युवा प्रभार के जिलाध्यक्ष कृष्णा ध्रुव और समाज प्रमुखों द्वारा ईश्वर ध्रुव को समर्थन पत्र प्रदान किया गया है ।

## एक नजर

### नहाने गई महिला की तालाब में डूबने से हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सरगुजा जिले के सीतापुर थानाक्षेत्र के ग्राम भंवराडाड़ में एक 60 वर्षीय महिला नोहरपतिया बरगाह की तालाब में नहाने के दौरान पानी में डूबने से मौत का मामला सामने आया है। आपको बता दे कि मृतका नोहरपतिया बरगाह अपने गांव के तालाब में नहाने के लिए निकली हुई थी जहां तालाब में नहाने के दौरान वह पानी की गहराई में जा डूबी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं गांव के ग्रामीणों ने जब तालाब में तैरते हुए मृतका की साड़ी देखी तो उन्हे शंका हुआ और उन्होंने पूरें मामलें की सूचना सीतापुर पुलिस को दी जहां घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मृतका के शव को बाहर निकलवाया और उसके शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पूरें मामलें में सीतापुर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामलें में आगे की जांच शुरू कर दी है।

### गौ सेवा मंडल 5 वर्षों से कर रही घुमंतू बेजुबान घायल जानवरों का इलाज

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सरगुजा के अलग्अलग इलाकों में गौ सेवा मंडल पिछले 5 सालों से घुमंतु बेजुबान घायल मवेशियों का रेस्क्यू कर उनका ईलाज करा रहा है। आपको बता दे कि गौ सेवा मंडल सरगुजा द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल हुए बेजुबान घुमंतु मवेशियों की पहचान कर उन्हें पशु एंबुलेंस के माध्यम से अंबिकापुर लाकर घायल मवेशियों का ईलाज कर उनके लिए चारा्पानी की व्यवस्था कर रहा है। वहीं सरगुजा के गौ सेवा मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक गौ सेवा मंडल सरगुजा की टीम ने अब तक 3596 बेजुबान घायल घुमंतु मवेशी और पशुपक्षियों की पहचान कर उनका ईलाज कराकर उन्हें राहत देने का काम किया है। वहीं सरगुजा गौ सेवा मंडल की टीम अपने इस कृत्य से लोगों में जागरूकता लाने का काम भी किया जा रहा है जिससे अब पूरें सरगुजा में गौ सेवा मंडल और उनकी टीम की तारीफकी जा रहीं है।



### सरकार ने वादा नहीं निभाया फिर से वनकर्मी अपनायेंगे आंदोलन की राह

तीन माह का वेतन भी नहीं मिला वनकर्मियों में रोष

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

वन विभाग के कर्मचारी सरकार के वादाखिलाफी को लेकर आक्रोशित हो गये है एक बार फिर आंदोलन की राह अपनाने के तैयारी जुटे हुये है रायपुर में पिछले दिनो संगठन के निर्णय के बाद गरियाबंद के चार सौ से अधिक वन कर्मचारीयों में आक्रोश देखा जा रहा है। गरियाबंद वन कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष डोमार कश्यप और जिला सचिव दिनेश चंद्र पात्र ने भी जिला संगठन की बैठक आयोजित कर आंदोलन की तैयारी करने के निर्देश दिये है वही दोनो जिला पदाधिकारी ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है।

**वन मंत्री व पीसीसीएफ के आश्वासन के बाद काम पर लौटे थे**

लम्बे समय तक आंदोलन के बाद राज्यभर में जंगल जलने वन्य प्राणी की मौत और लकड़ी व वन्य प्राणीयों की तस्करी के मामले लगातार हो रहे थे जिसके कारण राज्य सरकार के वनमंत्री मोहम्मद अकबर और वन बल प्रमुख और पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी ने वन कर्मचारीयो के वेतन विसंगति पदोन्नति सहित अन्य मांगो पर केबिनेट बैठक मे विचार कर पूरी करने का आश्वासन दिया था। जिसके कारण वन कर्मचारीयो ने 13अप्रैल को आंदोलन वापस ले लिया था।सरकार ने वन कर्मचारीयों की मांगों को दो माह के भीतर पूरा करने का वादा किया था हड़ताल समाप्त किये दो माह से ऊपर हो गये पर ना मांग पूरा हुआ और ना वेतन मिल रहा इसलिये छग के वन कर्मचारीयों मे सरकार के खिलाफ भारी रोष है।

**तीन माह से वेतन नहीं मिला आर्थिक तंगी के शिकार**

वन्य प्राणी को शिकारी के शिकार से बचाने वाले वन कर्मीयो को तीन माह का वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी का शिकार बन गये है।आर्थिक तंगी के चलते वन कर्मीयो को घर चलाना भी मुश्किल हो गया।उधार लेकर परिवार चला रहे वन कर्मी अब फिर से आंदोलन का मन बना रहे है वही गरियाबंद के वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डोमार कश्यप और सचिव दिनेशचंद्र पात्र का कहना है सरकार वादाखिलाफी कर रही है इसलिये वन कर्मचारी संघ के प्रादेशिक बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

# जैन धर्माचार्यो के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, महासमुंद में भड़का रोष

* क्रांति सेना के अमित को गिरफ्तार करने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



खुले मंच से जैन धर्माचार्यो के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किये जाने पर उद्वेलित सकल जैन समाज महासमुंद द्वारा कलेक्टर एसपी और सिटी कोतवाली में ज्ञापन सौंपकर आरोपी छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किये जाने की मांग की गयी है।

बताया गया है किए गुजरे 25 मई को बालोद में सार्वजनिक मंच से भाषण देते हुए जैन समाज के धर्म गुरुओ के बारे में अनर्गल प्रलाप के साथ अभद्र टिप्पणिया की गयी है। जैन समाज के अपने धर्मगुरूओं के विरुद्ध अभद्र टीका टिप्पणी से आहत है और उनकी आस्था को गहरा आघात पहुंचा है। अमित बघेल द्वारा अपने भाषण में बलि प्रथा की वकालत करते हुए सर्वधर्म संभाव के वातावरण में भी जहर घोलने जैसी हरकत की गयी है। इसका वीडियो सोशल मीडिया में भी तेजी से वायरल होने के बाद जैनियों में काफी रोष व्याप्त है। उक्त भाषण के वीडियो की सीडी भी जैन समाज द्वारा पुलिस को उपलब्ध करायी गयी है। ज्ञापन दिए जाने की पूरी कार्यवाही में मुख्य रूप से समाज अध्यक्ष राजेश लुनिया, उपाध्यक्ष महेंद्र लुनिया, सचिव रितेश गोयल, कोषाध्यक्ष प्रदीप झाबक, सह सचिव जीतेन्द्र बैद सहित पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, अशोक चौरड़िया, पारस चोपड़ा, निर्मल बरडिया, कुशाल श्रीमाल, अभिषेक बाफना, ललित गोलछा, बंटी कोचर, धीरज चोपड़ा, डॉ के के जैन, दिलीप मालू,अभिषेक लुनिया, उमेद बाफनाए दिलीप जैन, डॉ बी सी गोलछा व सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

# दो ने आपस में पहले जाम टकराया, फिर खुद टकरा गये

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के खल्लारी थाना अंतर्गत ग्राम जीवनगढ़ के बांधा बस्ती में बीते बुधवार की रात दो ग्रामीण केशव राजपूत और हरीश ठाकुर साठ में बैठकर मदिरापान का आनंद उठाने के बाद घर वापस लौट रहे थे तभी तालाब के पास किसी पुराणी बात को लेकर दोनों के बीच में शुरू हुई कहा.सुनी नशे की तरह परवान चढ़ी और तीखे वाद विवाद में बदल गयी फिर क्या था हरीश ठाकुर ने केशव राजपूत की खबर लेते हुए जमकर पिटाई भी कर दी द्य अब मामला पुलिस तक जा पहुंचा है।

## सास पर दामाद ने किया वार, पुलिस में शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय सिटी कोतवाली पुलिस में शिकायत करते हुए बरोंडा बाजार की अहिल्या गायक वाड ने जानकारी दी है किए गरियाबंद जिला अंतर्गत ग्राम पेंड्रा निवासी उसका दामाद लेखराम बांधे आदतन शराबी और झगडालू होने से उसकी बेटी सरिता ससुराल से मायके बरोंडा बाजार में आकर रह रही है द्य बीते 18 मई को दामाद लेखराम अपने ससुराल बरोंडा बाजार आया और सास अहिल्या गायकवाड के घर में पहुचते ही सास के साथ गाली गलौज करने लगाए मना करने पर लेखराम ने धारदार हथियार से अहिल्या पर वार कर दिया इससे उसके हाथ में चोट आई है।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनाओं के तहत् ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित 30 जून तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार के अवसरों का सृजन कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में दो योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत अनुदान राशि उपलब्ध कराया जाता है। इस हेतु 30 जून 2022 तक आवेदन मंगा, गए है। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत दोना पत्तल निर्माण, पशुचारा, दूध डेयरी प्रोडक्ट, मसाला उद्योग जैसे विनिर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम राशि 25 लाख एवं ब्यूटी पार्लर सैलून, सायकल रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, कंप्यूटर फोटोकॉपी, ऑटो रिपेयरिंग जैसे सेवा क्षेत्र अधिकतम राशि 10 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदाय किया जाता है। बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत पर सामान्य वर्ग के पुरुष हितग्राहियों को 25 प्रतिशत तथा अन्य सभी वर्गों को 35 प्रतिशत अनुदान प्रदाय किया जाता है। उक्त योजना का लाभ लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन पीएमईजीपी पोर्टल पद में कर सकते है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम राशि 3 लाख तथा सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम राशि 1 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदाय किया जाता है। बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 35 प्रतिशत अनुदान राशि प्रदाय किया जाता है। यह ऑफलाइन योजना है। सीएमईजीपी हेतु आवेदन फॉर्म खादी ग्रामोद्योग कार्यालय, जिला पंचायत जशपुर से प्राप्त कर सकते है। योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन के साथ पासपोर्ट साईज फोटो, ग्राम पंचायत अनापत्ति प्रमाण पत्र, स्थायी जाति, निवास, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, पेन कार्ड, सीए द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट रिपोर्ट, राशन कार्ड, 50 रूपए के स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।

# जनपद पंचायत से फाईल गायब नहीं हो सका आरआरसी जारी

अमाड पंचायत के आहता निर्माण में राशि आहरण कर निर्माण ना कराने का मामला

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।






ब्लाक के अमाड पंचायत ने जामगुरिया पारा प्राथमिक शाला के आहता की स्वीकृत राशि के पहली किश्त दो लाख आहरण कर निर्माण नही कराया एआहरण को दो साल हो गये जनपद प्रशासन ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। दो साल बाद जब मीडिया में बात लीक हुयी तो सीईओ ने संबंधित ग्राम पंचायत को केवल कारण बताओ नोटिस थमा दिया।सरपंच के मुताबिक स्वीकृत पांच लाख मे से दो लाख को सरपंच स्वयं, उपसरपंच और पूर्व पदस्थ सचिव ने मिलीभगत कर हडप लिया है। जनपद पंचायत के सीईओ एम एल मण्डावी का कहना है राशि के वसूली के लिये जनपद पंचायत प्रशासन आर आर सी जारी करेगी पर अभी तक जनपद पंचायत ने ना तो आर आर सी जारी की और ना ही सरपंच सचिव के खिलाफकोई कारवाई की है। उधर मामले पर वसूली की कारवाई ना होने से गाँव में भी आक्रोश है और कलेक्टर और मंत्री से शिकायत की बात कह रहे है।

## मुख्यालय से फाईल गायब कैसे होगी वसूली

स्कूल में आहता निर्माण के लिये पहली किश्त जारी के पहले ग्राम पंचायत ने निर्माण की फाईल जनपद पंचायत में जमा किया था। अब वो फाईल नहीं मिल रहा है। लगातार मीडिया में खबर प्रकाशित होनेत्रके बाद जनपद पंचायत सीईओ ने लिपिक को आरआरसीजारी करने के लिये पत्र बनाने को कहा पर जनपद पंचायत में इस निर्माण कार्य का फाईल ही नहीं मिल रहा है ।ऐसे मे बगैर फाईल के आर आर सी भी जारी नही हो सकता क्योकि की उस फाईल पर पहली किश्त के आहरण के लिये सीईओ का नोटशीट चला था।

## स्कूल के दान भूमि पर कोई रोडा नहीं सरपंच सचिव बना रहे बहाना

इधर कारण बताओ नोटिस जारी करने पर सरपंच और उपसरपंच ने स्कुल के लिये मिले दानभूमि में रोडा का बहाना बताकर मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की है जबकि भूमि दान दाता कुरसोराम ने जोहर छग को बताया जमीन पर कोई विवाद नही है बल्कि भूमिदाताओ ने स्कुल आने जाने के लिये चार फीट अपनी हक की जमीन भी रास्ता के लिये छोड़ दिया है। ग्रामीणों का भी कहना सरपंच और उपसरपंच भूमिदान को विवाद बताकर अपने किये करतुत पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे है।

## आहता की चोरी पर स्कूली छात्रों में भी रोष

अमाडक्षका आश्रित गांव जामगुरिया पारा प्राथमिक स्कुल की कुल दर्ज संख्या बीस से पच्चीस रहता है छोटे से गांव के कम दर्ज संख्या वाले स्कूल के लिये भूमिदाताओ ने पांच डिसमील दान किया है जो गाँव के स्कुल के लिये प्रर्याप्त है। स्कुली छात्र हेमंत नागेश सहित अन्य छात्रो में आहता निर्माण नहीं होने से भारी रोष है और शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने पर शिकायत करने की बात कह रहे है। सप्ताहभर के भीतर राशि की वसूली के लिये आर आर सी जारी कर दी जायेगी अगर सरपंच सचिव राशि जमा नही करते है तो उन पर सक्त कार्यवाही भी की जायेगी।

# बिना दस्तावेज के 3270 किलो कबाड़ सामान और टाटा वाहन 709 सहित चालक को पिथौरा पुलिस ने पकड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



अवैध कबाड़ से लदी एक टाटा 709 को पिथौरा पुलिस ने जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। चालक पर विभिन्न धारा के तहत कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कल 26 मई को मुखबिर की सूचना के बाद ग्राम बरतुंगा के पास, कबाड़ी समान भर कर जाती सफेद रंग की टाटा वाहन 709 क्रमांक सीजी 08 एल 3803 को रोककर पूछताछ करने पर वाहन के ड्राइवर ने अपना नाम सुल्तान खान पिता बाबू खान 56 साकिन बलौदा बाजार पाडे पारा थाना जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ हाल ग्राम बरतुंगा अमजद खान के मुर्गी फार्म थाना पिथौरा का होना बताया। वाहन में रखे सामान के बारे में पूछने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। मौके पर गवाह घनाराम यादव एवं राजू वासुदेव को तलब कर उक्त वाहन को चेक करने पर वाहन में पुरानी साईकिल टूटी हुई लोहे का टूटा टुकड़ा कबाड़ सामान मिला मौके पर उक्त सामान का कागजात पेश करने धारा 91 जाफौका नोटिस दिया गया। जो कोई कागजात नहीं होना बताया गया। उक्त वाहन में रखे कबाड़ सामान को तौल कराया गया तो कबाड़ सामान का वजन 3270 किलो कीमती लगभग 81750 रुपये का होना पाया गया। वाहन क्रमांक सीजी 08 एल 3803 पुरानी इस्तेमाली कीमती लगभग 10 लाख रुपए जुमला कीमती 1081750 रुपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 41 14 जाफ ै धारा 379 भादवि का अपराध पाए जाने से थाना पिथौरा के इस्तगासा क्रमांक 02/2022 कायम कर 26 मई 2022 को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में कौशल साहू, साइबर सेल प्रभारी संजय राजपूत, आरक्षक शैलेश ठाकुर एवं थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वट सावित्रीव्रत 2022 कैसे रखें व्रत जाने दैवज्ञ पंडित रमेश शर्मा मंगलागौरी मन्दिर धाम पोडी रतनपुर के जुबानी

रतनपुर। सोमवार 30 मई को वट सावित्री का व्रत पर इस बार काफी अच्छा संयोग बन रहा है। इस दिन शनि जयंती के साथ सुबह 7ः12 मिनट से सर्वार्थ सिद्धि योग शुरू होकर 31 मई सुबह 5ः08 मिनट तक रहेगा। ज्योतिषविदों की राय में इस खास योग में पूजा करने से फल कई गुना अधिक बढ़ जाएगा।



हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन वट सावित्री का व्रत रखा जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ के लिए व्रत रखती हैं।वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा, परिक्रमा करके पति के जीवन में आने वाली समस्याओं को दूर करने की प्रार्थना की जाती है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा करने और रक्षा सूत्र बांधने से पति की आयु लंबी होता है और हर मनोकामना पूर्ण होती है। क्योंकि इस वृक्ष में ब्रह्मा,विष्णु और महेश तीनों देवता वास करते हैं इसलिए वृक्ष की पूजा करने से सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य अच्छा रहता है।वट सावित्री पर सोमवती अमावस्या का शुभ संयोग-अमावस्या तिथि प्रारम्भ - मई 29, 2022 को 02ः54 पी एम बजे अमावस्या तिथि समाप्त - मई 30, 2022 को 04ः59 पी एम बजे तक।

## पूजा- विधि

इस पावन दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं।घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें।इस पावन दिन वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व होता है।वट वृक्ष के नीचे सावित्रि और सत्यवान की मूर्ति को रखें।इसके बाद मूर्ति और वृक्ष पर जल अर्पित करें।इसके बाद सभी पूजन सामग्री अर्पित करें।लाल कलावा को वृक्ष में सात बार परिक्रमा करते हुए बांध दें।108 बार भी परिक्रमा कर सकते हैं।इस दिन व्रत कथा भी सुनें।इस दिन भगवान का अधिक से अधिक ध्यान करें।

# सोलर मामले में वसूली की राशि ना पटाना पुरनापानी सरपंच को पड़ा महंगा, एसडीएम ने सरपंच को 30 दिनों के लिए भेजा जेल

**देवभोग।** ब्लॉक के 16 पंचायतों में नियम विरुद्ध सोलर लाइट खरीदी करने के मामले में देवभोग एसडीएम टीका राम देवांगन शुरू से एक्शन मोड पर नजर आ रहे है एसडीएम ने 16 पंचायतों से अब तक 18 लाख 56 हजार 750 रूपये वसूली कर लिया है, जबकि अभी भी 42 लाख 83 हजार की वसूली की जानी हैं वहीं सोलर की वसूली राशि नहीं पटाने के चलते एसडीएम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुरनापानी के सरपंच पंकज हरपाल को 30 दिनों के लिए जेल भेज दिया हैं ..



मामले की जानकारी देते हुए देवभोग एसडीएम टीका राम देवांगन ने बताया पुनरीक्षण याचिका निरस्त होने के बाद सभी 16 पंचायतों के सरपंच और सचिवों को पेशी में बुलाकर वसूली के लिए निर्देशित किया गया था ऐसे में पुरनापानी के भी सरपंच और सचिव से भी वसूली की राशि पंचायत खाते में जमा करने के लिए निर्देशित किया गया था वहीं सचिव हर पेशी में उपस्थित होकर राशि जमा करता था, जबकि सरपंच ने 2 लाख 55 हजार 750 रूपये में से मात्र 5 हजार ही जमा किया था एसडीएम ने बताया कि सरपंच ने 22 अप्रैल 2022 को लिखित में भी दिया था कि 7 दिनों के अंदर वह 50 हजार पटायेगा लिखित में देने के बाद भी सरपंच ने राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाया और वह आये दिन एसडीएम के आदेश की अवहेलना कर एसडीएम न्यालय से भी अनुपस्थित रहता था इतना ही नहीं सरपंच ने 17 महीने में मात्र 5 हजार रूपये ही जमा किया था जिसके बाद एसडीएम टीका राम देवांगन कार्रवाई करते हुए धारा 92 पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत आदेश पारित करते हुए सरपंच को सिविल जेल भेजने का आदेश जारी किया एसडीएम ने कहा कि सोलर वसूली की राशि पटाने में जो भी सरपंच और सचिव लापरवाही बरतेंगे उनके खिलाफ भी जेल भेजने की कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए वे स्वत: जिम्मेदार रहेंगे।

### इन पंचायतों से इतनी की हुई वसूली

*यहां बताना लाजमी होगा की ब्लॉक के फलसापारा से वसूली की राशि 34 हजार 500 रूपये, कदलीमुड़ा से 25 हजार, झाखरपारा से 35 हजार, खुटगॉव से 3 लाख 18 हजार, रोहनागुड़ा से 1 लाख 80 हजार, सीनापाली से 1 लाख 60 हजार, गिरसूल से 1 लाख 60 हजार, कोखसरा से 40 हजार, माडागॉव से 2 लाख 39 हजार 250 रूपये, देवभोग से 1 लाख 85 हजार, दीवानमुड़ा से 25 हजार, सुकलीभाठा पुराना से 85 हजार , करचिया से 1 लाख 31 हजार, पुरनापानी से 18 हजार की वसूली की गई हैं, जबकि अभी भी सोलर की वसूली राशि लगभग 42 लाख 83 हजार की वसूली की जानी बाकी है ।*

## एक नजर

### जशपुर विकासखण्ड में बिजली बिल सुधार हेतु दिया गया प्रशिक्षण

कार्यपालन निर्देश कार्यालय रायपुर के मास्टर ट्रेनर ने बिजली बिल के सुधार कार्य को शीघ्रता से करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जशपुर विकासखंड के जनपद पंचायत में आज कार्यपालक निर्देशक कार्यालय रायपुर आए मास्टर ट्रेनर द्वारा मीटर रीडर को बिजली बिल सुधार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायपुर के प्रशिक्षकों द्वारा बिजली बिल के सुधार संग्रहित खपत वाले विद्युत उपभोक्ता का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिल में गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को कंपनी की ओर से नियमानुयार कार्यवाही की जावेगी।

### कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने बगीचा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने विगत दिवस बगीचा विकासखण्ड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विद्यालय के सभी कक्षाओं, प्रयोगशाला, पुस्तकालय सहित पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए शिक्षण सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने परिसर में आयोजित समर कैंप का भी अवलोकन किया। उन्होंने सभी बच्चों को कैम्प का आनंद लेने एवं अपनी कौशल क्षमता का विकास करने के लिए कहा। इस अवसर पर एसडीएम बगीचा विजय प्रताप खेस, जनपद सीईओ विनोद सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई** । पुलगांव स्थित पोटिया रोड़ निजी फार्मेसी कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा यामिनी राजपूत (21 वर्ष) ने अपने हास्टल रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में ले लिया है.

पुलिस ने बताया कि हॉस्टल के वार्डन ने शुक्रवार को घटना की जानकारी दी थी. पुलिस ने पंचनामा कर छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. नारायणपुर जिले की निवासी छात्रा के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है.

पुलिस ने बताया कि छात्रा ने यह कदम क्यों उठाया है. इस संबंध में जानकारी नहीं मिली है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और छात्रा के कमरे की तलाशी ली जा रही है. जांच के बाद ही इस संबंध में अधिक जानकारी मिल सकेगी।

## खेत में खड़े हार्वेस्टर जलाने वाले संदेही से पूछताछ कर पुलिस ने छोड़ा

### गवाही व सबूत होने के बाद ही करेंगे कार्रवाई

**महासमुंद** / कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भुरका में 20 मई को एक किसान के हार्वेस्टर जलाने का मामला प्रकाश में आया है।प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट में संदेही का नाम बताने एवम पुलिसिया डॉग का भी संदेही के घर तक पहुचना प्रार्थी के संदेह की पुश्टि कर रहा था।परन्तु संदेही को थाना बुलाकर छोड़ दिये जाने की खबर है। वही उक्त घटना की जांच कर रहे ए एस आई ने आरोपियों के जल्द पकड़े जाने की बात कही है।



घटना के सम्बन्ध में प्रार्थी हिच्छा राम साहू ने बताया कि उनकी हार्वेस्टर खेत मे काम करते हुए पंचर होने से उन्होंने उसे खेत मे ही छोड़ दिया था।परन्तु रात में अज्ञात व्यक्ति द्वारा हार्वेस्टर में पैरा डाल कर उसमें आग लगा दी जिससे हार्वेस्टर पूरी तरह जल गया।आसपास पता लगाने पर उसे संदेही का नाम भी पता चल गया।जिसे प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट के दौरान पुलिस को बता दिया था।इसके बाद पुलिस ने डॉग स्क्रायड की मदद ली। पुलिसिया डॉग भी संदेही के घर जाकर रुका जिससे संदेह पक्का हो गया था।इस मामले में पुलिस द्वारा संदेही को थाना बुलाकर कुछ पूछताछ की और उसे छोड़ भी दिया गया। प्रार्थी के संदेह एवम डॉग स्क्रायड की गवाही के बाद भी पुलिस ने उसे मात्र बयान के बाद छोड़ दिया है।

### गिरफ्तारी जल्द होगी - पुष्पकार

उक्त मामले में जांच का जिम्मा कोतवाली थाना में पदस्थ ए एस आई कपीश्वर पुष्पकार को सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि, मामले की जांच चल रही है।शीघ्र ही आरोपितों की गिफ्तारी कर ली जाएगी।

## शरारती बच्चों के आदतों में सुधार लायें- मणीशंकर दिवाकर

### बेमेतरा से तोमेश्वर खरे की खास खबरें

**बेमेतरा** -बचपन में सभी बच्चे ना जाने माँ पिता के संरक्षण में रहकर अच्छी - अच्छी आदतें और संस्कार सिखते है, और बच्चे मन के कच्चे होते, पल - पल में मन परिवर्तन होता है कभी रूठना, कभी रोना, कभी सोना, कभी झगडना, कभी खाना, कभी पीना, कभी खिलौने की मांग करना, आदि अन्य चीजों की मांग करना, तुतलाते मीठे - मीठे बोल बोलते माँ पापा, दादा, दादी, नाना, नानी, मामा, मौसी दीदी, फुफा, दीदी, भैया बोलते खेलते आगे पीछे करते रहते हैं, उनके कम उम्र में सोचने समझने की प्रबल बुद्धि होती है, अपने दिमाग में संग्रह





करने की क्षमता तीव्र एवं तेज होती है, कच्चे मिट्टी के घड़े की भाँति होती है इनका मन विचार होता है,चाहे बच्चे को जिस रूप में ढ़ालो उनके परिजनो माता - पिता के नेक विचारों और आपके अच्छे आदर्शों पर निर्भर करता है, हम परिजनों को नम्र होकर कौन अच्छा कौन गलत है इनके बारे में स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए और ध्यान किया करें ताकि अच्छे ज्ञान की बातें को बच्चें बखूबी से जाने समझे और सभी रिश्ता तो सभी परिचित कराए जाने चाहिए आदर्श संस्कार होना चाहिए, प्रणाम करना नमस्ते करना अच्छी अच्छी बातें की ओर इंगित कर हमें सिखाना चाहिए और जहाँ तक गलत करने पर हमें उनके कार्यो पर अंकुश लगाना चाहिए और उनके अनुरूप होकर हमें शालीनता होकर समझाने का प्रयास करना चाहिए !

## मनचले ने फिर की छेड़खानी, फिर खानी होगी जेल की हवा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले की सरायपाली पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ और गाली गलौज तथा मारपीट करने वाले आरोपी सुमीत सतपथी को गिरफ्तार किया है द्य पूर्व में भी छेड़खानी करने पर जेल के हवा खा चुके सुमीत ने गुजरे बुधवार की रात फिर से छेड़खानी की घटना को अंजाम देते हुए बस स्टैंड स्थित एक होटल में महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट भी की द्य शिकायत पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 354 और 294 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार मनचले सुमीत के खिलाफपहले भी छेड़खानी के मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया था जहा से अभी 15 दिन पूर्व ही छूटकर घर लौटा था। अब फिर इसी तरह के अपराध में पुलिस कार्यवाही का शिकार होना पड़ा है।

### मित्र के घर की छत से मोबाइल पार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के पिथौरा नगर में घर की छत से मोबाइल पार कर दिए जाने की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा धरा 457 और 380 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है द्य मिली जानकारी में बताया गया है की रमाकांत पांडव 26 मई को अपने मित्र नंदू महंती के घर गए थेए इस दौरान उन्होंने अपने मोबाइल नंदू की घर की छत पर रखा था जिसे किसी ने पार कर लिया पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफजुर्म दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

## चचाहिया डेम में डूबने से शहर के दो युवकों की मौत

**रतनपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र के कालमीटर के पास बड़ी दुर्घटना घटित हो गई दरअसल बिलासपुर के दयालबंद से पांच युवक काल मीटर चचाहिया डैम पिकनिक मनाने गए थे इसी बीच पांचों युवक डैम में नहाने के लिए उतरे ।जहा आकाश कश्यप और अंकित सहित अन्य एक युवक पानी के बीच डैम की गहराई में चले गए जिससे वे डूबने लगे इस बीच दो दोस्तों ने आकाश और अंकित को बचाने का प्रयास किया लेकिन दोनों डैम की इतनी गहराई में जा चुके थे कि बाकी दोस्त उन्हें बचा नहीं सके जिसकी वजह से डैम में डूबने से आकाश और अंकित की मौत हो गई। आपको बता दें कि यह घटना



दोपहर 3 बजे की है जहां शनिवार को अंकित पानीकर का जन्मदिन था और यह सभी पांचों दोस्त डैम में पिकनिक मनाने पहुंचे यह पांचों युवक मौज मस्ती कर रहे थे इसी बीच यह घटना घटित हो गई रतनपुर पुलिस घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची और डूबे हुए शव को तत्काल डैम से निकाला और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर लेकर आए जहां डॉक्टर ने प्रशिक्षण के बाद 2 को 2 को मृत घोषित कर दिया जबकि एक को इलाज के बाद रतनपुर में ही इलाज के लिए रखा गया है पंचनामा कर मर्चुरी भिजवा दिया तो वही परिजनों की उसकी सूचना दे दी गई।

## फर्टिलाइजर बस्ती दर्री में लगा चलित थाना


**कोरबा** । भोजराम पटेल पुलिस अधीक्षक कोरबा के तुहंर पुलिस तुहंर द्वार अभियान के तहत दर्री थानांतर्गत फर्टिलाइजर बस्ती दर्री में पुलिस अभिषेक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा एवम सुश्री नितेश सिंह नगर पुलिस अधीक्षक दरी के निर्देशन में चलित थाना का आयोजन कर बस्ती वासियो से उनकी समस्याएं जानी गई। अवेध शराब, गांजा सेवन के लिए जागरूक कर महिला समिति बनाने प्रोत्शाहित किया गया और मोबाइल ठगी के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बस्ती में नशेड़ी तत्वों के द्वारा नशा करने के बाद उपद्रव करने की जानकारी बस्ती के लोगो ने दी, जिस पर पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा प्रतिदिन शाम को बस्ती में पेट्रोलिंग कराने के लिए बस्ती वालो को बताया गया।

## भरे जायेंगे आवासीय एकलव्य विद्यालय में रिक्त पद

### वाक इन इंटरव्यू के तहत अतिथि शिक्षकों की होगी भर्ती

**महासमुंद**/ जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं शैक्षणिक संस्थान समिति महासमुन्द अन्तर्गत जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग जिला महासमुन्द में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए अस्थायी रूप से हिन्दी / अंग्रेजी सीबीएससी पैटर्न पर शाला संचालन के लिए निर्धारित मानदेय (प्रति कालखण्ड/प्रतिदिन) पर रिक्त पदों की पूर्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू के तहत अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ 100 विस्तर मल्टी एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि व्याख्याता पीजीटी के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण स्नातकोत्तर एवं बीएड या एमएड उपाधि, शिक्षक टीजीटी के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 50 प्रतिशत उत्तीर्ण स्नातक एवं बीएड





उपाधि, शारीरिक शिक्षक हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण शारीरिक शिक्षा में स्नातक उपाधि, ग्रंथपाल हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण बी. लिब उपाधि होना चाहिए। अनुभव के लिए 06 माह या उससे अधिक को एक वर्ष मान्य किया जाएगा। आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

हम तो आश्वस्त हैं

पीजीटी के अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार 01 जून 2022 को समय प्रात: 11.00 बजे तक एवं टीजीटी के अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार 02 जून 2022 को समय प्रात: 11.00 बजे तक सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ उपस्थित होना होगा। चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप आदिवासी विकास विभाग कार्यालय एवं जिले के वेबसाईड ूएउँउनदकण्हवअण्पद पद से प्राप्त या डाउनलोड किया जा सकता है।

3400 से भी ज्यादा ग्रामीणों को वनांचल क्षेत्र केल्हारी में आयोजित शिविर में मिली हृदय रोग इको कॉर्डियोग्राफी

## अस्थि रोग की जांच, डेंटल, ऑडियोमैट्री, फिजियोथेरेपी आदि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ'

**कोरिया।** जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल पर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र केल्हारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज के गांवों से ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने शिविर में पहुंचे। प्रशासन की इस पहल को आम जन की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और इसका परिणाम हुआ कि 3472 से भी ज्यादा ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अलग-अलग रोगों की नि:शुल्क जांच कराई और दवाइयां व परामर्श लिया।

केल्हारी स्वास्थ्य शिविर में सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक श्री गुलाब कमरो, कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, ओएसडी श्री पीएस ध्रुव एवं एसपी श्री प्रफुल्ल ठाकुर ने पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव जाने। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए अपनी बात





**'दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए मेडिकल बोर्ड भी रहा मौजूद, विशेषज्ञों की उपस्थिति में प्रशासन की संवेदनशील पहल पर केल्हारी में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर'**

रखी।

इस दौरान विधायक श्री कमरो ने शिविर को संबोधित किया। उन्होंने वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजन के लिये जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुणाल दुदावत, खंड स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर के निरीक्षण के दौरान शिविर में आई उजियारपुर की 13 साल की नीलम से विधायक एवं कलेक्टर ने मुलाकात कर चिकित्सकों से उनका हाल-चाल जाना। मानसिक रूप से कमजोर नीलम को सुनने-समझने में दिक्कत होती है। श्री कमरो ने स्वास्थ्य विभाग को परामर्श के बाद निरन्तर फॉलोअप लेने कहा। कलेक्टर श्री शर्मा ने रिफर किये जाने वाले मरीजों की अलग सूची संधारण के निर्देश सीएमएचओ को दिए जिससे उनका फॉलोअप लिया जा सके। शिविर में 3472 ग्रामीणों का विभिन्न बीमारियों का जांच एवं उपचार नि:शुल्क किया गया। इसमें हृदयरोग, इको कार्डियोग्राफी - 30, दवाई वितरण - 1836, डायबिटीज - 223, उच्च रक्तचाप - 197, कुष्ठ रोग - 5, स्त्री रोग एवं प्रसूति - 204, शिशु रोग - 105, दंत रोग - 85, नाक-कान-गला एवं ऑडियोमेट्री जांच - 83, अस्थि रोग - 186, मानसिक स्वास्थ्य -151, नेत्र रोग 259 एवं चश्मा वितरण - 156, लैब जांच - 407, हेल्थ आई.डी. - 204 आयुष्मान कार्ड - 240, जांच, उपचार एवं आयुष विभाग - 242, टी.बी. जांच - 34, मलेरिया - 11, मेडिसिन विभाग - 514, सोनाग्राफी - 15 एवं सामान्य जांच एवं उपचार - 402 शामिल है। इसी तरह शिविर में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता धारकों को नि:शुल्क चिकित्सा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। साथ ही चश्मा, डिजिटल हेल्थ कार्ड एवं आयुष्मान भारत स्मार्ट कार्ड का वितरण किया गया।

# करण जोहर की बर्थडे पार्टी में माधुरी दीक्षित ने खिंचवाई सलमान-ऐश्वर्या संग तस्वीर



बॉलीवुड फिल्म स्टार माधुरी दीक्षित ने भी बीते दिन आयोजित हुई करण जौहर के 50वें बर्थडे के जश्न में हिस्सा लिया। बॉलीवुड की सबसे ग्रैंड पार्टी में फिल्मी दुनिया के एक से बढ़कर एक सितारे पहुंचे। जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। करण जौहर की बर्थडे पार्टी की इनसाइनड फोटोज ने दो दिन से सोशल मीडिया हिलाया हुआ है। अब कुछ और तस्वीरें सामने आई हैं। जिन्हें देख माधुरी दीक्षित, सलमान खान और शाहरुख खान के फैंस खुशी से झूमने लगेंगे। दिलचस्प बात ये है कि इस पार्टी में अदाकारा माधुरी दीक्षित ने सलमान खान के साथ-साथ उनकी एक्स ऐश्वर्या राय के साथ भी तस्वीर क्लिक करवाई।

ये तस्वीर इस वक्त तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस तस्वीर में माधुरी दीक्षित अपने पति श्री राम नेने के साथ सुपरस्टार सलमान खान-शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के साथ नजर आईं।

इतना ही नहीं, करण जौहर की इस ग्रैंड बर्थडे पार्टी में अदाकारा माधुरी दीक्षित सुपरस्टार सलमान खान की एक्स और अमिताभ बच्चन की बहू ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ भी फोटो क्लिक करवाती दिखीं। साथ ही उनके साथ प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी भी मौजूद थे।

दिलचस्प बात ये है कि इस दौरान एक ही फ्रेम में नजर आईं 'देवदास' की 'चंद्रमुखी और पारो' पर लोगों की नजरें टिकी रह गईं।

# पर्दे पर सिर्फ बोल्ड होने का कोई मतलब नहीं : पिया वलेचा



पहले छोटी सरदारनी और इमली जैसे लोकप्रिय टेलीविजन शो में नजर आ चुकीं अभिनेत्री पिया वलेचा को लगता है कि एक अभिनेता के रूप में हर माध्यम को तलाशना महत्वपूर्ण होता है। वह कहती हैं- अपने लुक और अभिनय के माध्यम को बार-बार बदलना बहुत महत्वपूर्ण है अन्यथा लोग आपको टाइप कास्ट करते हैं और आपको वही भूमिकाएं मिलती हैं। अच्छे डिजिटल ऑफर मिलने के लिए मैं बहुत खुश और आभारी हूं, लेकिन फिर भी कुछ दिलचस्प और मजबूत रोल की तलाश में हूं, न कि सिर्फ कपड़े उतारना और बनाना। मेरे लिए प्रदर्शन सबसे ज्यादा मायने रखता है।


अभिनेत्री डिजिटल डेब्यू करने की इच्छुक हैं।

वह जारी रखती है- मैं एक अच्छी स्क्रिप्ट और एक अच्छे चरित्र के साथ डिजिटल शो का पता लगाना चाहती हूं। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा समय है क्योंकि एक कलाकार के लिए माध्यमों में वृद्धि के साथ इतने अवसर आ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही एक बड़े वेब शो में मेरी धमाकेदार वापसी होगी। मैं ग्लैमरस लेकिन अभिनय उन्मुख भूमिकाएं या बहुत मजबूत किरदार करना चाहती हूं।

साम दाम दंड भेद, बालवीर, बहू हमारी रजनी कांत और दिल्ली वाली ठाकुर गुर्ल्स जैसे शो में काम कर चुकीं पिया बिना वजह पर्दे पर बोल्ड होने में यकीन नहीं रखतीं।

वह आगे कहती हैं- सिर्फ ऑनस्क्रीन बोल्ड होने का कोई मतलब नहीं है। मैं अपनी कला के साथ मनोरंजन करने में विश्वास करती हूं। इसलिए एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि मैं खुद पर काम करती रहूं और अपने शिल्प में सुधार करूं और अलग-अलग लुक को आजमाऊं। जब मैं किसी प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही होती हूं, तो मैं एक किरदार के रूप में काम कर रही होती हूं और जब मैं शूटिंग नहीं कर रही होती हूं तो मैं एक नए किरदार की तैयारी कर रही होती हूं।

# स्वतंत्र वीर सावरकर फिल्म से रणदीप हुड्डा का फर्स्ट लुक आउट



**मुंबई.** स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रवादी नेता वीर सावरकर की आज (शनिवार) 139वीं जयंती है। इस मौके पर प्रोड्यूसर संदीप सिंह और आनंद पंडित ने फिल्म %स्वतंत्र वीर सावरकर% का पहला लुक जारी किया। रणदीप हुड्डा इसमें वीर सावरकर का रोल प्ले कर रहें है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल अगस्त से होगी। हालांकि, रणदीप हुड्डा ने कैरेक्टर की स्किन में जाने के लिए तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। प्रोड्यूसर संदीप सिंह ने बताया कि पूरी दुनिया जानती है कि सरबजीत जैसा दिखने के लिए रणदीप हुड्डा ने बहुत ज्यादा वजन कम किया था। यहां वीर सावरकर प्ले करने के लिए रणदीप हुड्डा दो चरणों में वेट लूज कर रहें हैं। अब तक उन्होंने ऑलरेडी 10 किलो वजन कम किया है। अगले दो महीनों में वो तकरीबन 12 किलो और वेट कम करेंगे। यानी टोटल 22 किलो वजन रणदीप कम करेंगे।

# सुबह 4 बजे अक्षय कुमार के घर पहुंचे कपिल

**बॉलीवुड** के खिलाड़ी अक्षय कुमार अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में छाए रहते हैं। हाल ही में स्टार का सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें अक्षय कुमार, कॉमेडी स्टार कपिल शर्मा संग नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि कपिल और अक्षय को सुबह 4 बजे एक साथ देख कर फैंस हैरान रह गए हैं।

दरअसल हाल ही में अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर की जिसमें उत्साहित कपिल शर्मा सुबह 2.30 बजे बालकनी में खड़े दिखाई दे रहे हैं। और अक्षय कुमार के घर जाने के आधी रात उठकर रेडी होते हैं। और, वे कहते हैं, 'सारी दुनिया सो रही है। और अक्षय कुमार 4 बजे जग जाते हैं।' बिना समय बर्बाद किए, कपिल जल्दी से अक्षय के जिम जाने के लिए तैयार हो जाते हैं।



चीजें तब और मजेदार हो जाती हैं जब कॉमेडियन आखिरकार जिम जाते हैं। जहां अक्षय कुमार बिल्कुल तरोताजा दिखते हैं, वहीं कपिल चलने में भी थके हुए लगते हैं। फिटनेस टिप्स देते हुए अक्षय कुमार कपिल से जमकर मेहनत करवाते हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो को साझा करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा है, 'नाश्ते से पहले या रात के खाने के बाद मजाक। देखिए कपिल शर्मा और मैं सुबह 4 बजे वर्कआउट करते हैं। सम्राट पृथ्वीराज चौहान हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। इसे 3 जून को अपने नजदीकी थिएटर में देखें। बताते चलें कि अक्षय कुमार इन दिनों अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पृथ्वीराज' के प्रमोशन में बिजी हैं। अक्षय कुमार के साथ पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। इसके अलावा संजय दत्त सोनू सूद और आशुतोष राणा अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।

# सिर्फ 15 मिनट में पाए दाग-धब्बों रहित निखरी साफ त्वचा, चेहरे पर लगाएं ये स्ट्रॉबेरी फेस पैक



दाग-धब्बों रहित और निखरी साफ त्वचा हर किसी को पसंद होती है। जिसके लिए हम तरह-तरह की क्रीम और रसायन युक्त उत्पादों को त्वचा पर लगाते है लेकिन अगर आप प्राकृतिक घरेलू उत्पादों में विश्वास रखते हैं, तो आज हम आपके लिए स्ट्रौबरी से बने कुछ घरेलू फेस मास्क लेकर आए हैं, जो कील-मुहांसों और एक्ने की समस्या को कम करने के साथ त्वचा में चमक भी ला सकता है।

स्ट्रॉबेरी सभी का मनपसंद फल होता है। सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ यह सौन्दर्य और त्वचा की देखभाल के लिए भी बहुत उपयोगी माना जाता है। एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर स्ट्रॉबेरी त्वचा में कसाव के साथ-साथ मृत त्वचा को दूर कर दमकती स्किन देती है।

स्ट्रॉबेरी में सोडियम, पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट, शुगर और विटमिन्स के साथ आयरन, मैग्नीशियम और प्रोटीन भी होता है। स्ट्रॉबेरी में पाया जाने वाला सैलिसिलिक एसिड त्वचा की परत एपिडर्मिस को साफ करके रोम छिद्रों को खोलने का काम करता है। इसके अलावा यह त्वचा की नई कोशिकाओं के विकास में और विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया को खत्म करने में कारगर हो सकता है। इसलिए स्ट्रौबरी फेस पैक के द्वारा एक्ने की समस्या में कमी की जा सकती है।

## स्ट्रॉबेरी और फ्रेश क्रीम मास्क

सबसे पहले आप स्ट्रॉबेरी प्यूरी लें अब इसमें फ्रेश क्रीम (ड्राई स्किन के लिए) और दही (ऑयली त्वचा के लिए) के साथ एक चम्मच शहद मिला लें।

## खेल

# पर्पल कैप की रेस हुई रोचक, चहल को फाइनल मैच में विकेट नहीं मिला तो हसरंगा बन जाएंगे विजेता

आईपीएल 2022 में पर्पल कैप की रेस बेहद रोचक हो गई है. यह रेस राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के वानिंदु हसरंगा के बीच है. दोनों ही स्पिनर्स के खाते में इस सीजन 26-26 विकेट हैं. अब चूंकि इस सीजन में RCB का सफर खत्म हो चुका है, ऐसे में चहल के पास फाइनल मैच में एक विकेट लेकर पर्पल कैप जीतने का मौका है. अगर वह इस मैच में विकेट नहीं चटका पाते हैं तो पर्पल कैप बेहतर बॉलिंग एवरेज के आधार पर वानिंदु हसरंगा के सिर सजेगी. बटलर इस सीजन में अब तक 16 मैचों में 58.86 की बल्लेबाजी औसत और 151.47 के धमाकेदार स्ट्राइक रेट से 824 रन बना चुके हैं. रन बनाने के मामले में वह अन्य बल्लेबाजों से काफी आगे हैं. बटलर के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल और सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का नंबर आता है. ये दोनों ही खिलाड़ी 500 से ज्यादा रन बना चुके हैं. लेकिन स्त्त्र के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद यह दोनों बल्लेबाज इस रेस से पहले ही बाहर हो चुके हैं.

# हार कर भी आरसीबी ले गई 7 करोड़

## जानें गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स को मिलेगी कितनी रकम?

नई दिल्ली। आईपीएल 2022 के दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को राजस्थान रॉयल्स के हाथों 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ एक बार फिर आरसीबी के खिलाड़ियों और उनके फैंस का खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हुआ। हालांकि हार के बावजूद इस टीम पर करोड़ों रुपए की धनवर्षा हुई। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद आरसीबी ने प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर रहते हुए सीजन का अंत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आरसीबी को शानदार आईपीएल सीजन के लिए 7 करोड़ रुपए की इनामी राशि दी जाएगी, वहीं चौथे नंबर पर रही



लखनऊ सुपर जाएंट्स के खाते में 6.50 करोड़ रुपए आएंगे।

हार्दिक पांड्या की गुजरात टाइटंस और संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स इस साल आईपीएल के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही है। खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए जबकि हारने वाली टीम को 13 करोड़ रुपए मिलेंगे। इनके अलावा पर्पल कैप और ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं इमर्जिंग प्लेयर को 20 लाख रुपए का इनाम मिलेगा। वहीं लीग स्टेज में बाहर होने वाली टीमों को कितनी राशि मिलेगी इसकी कोई जानकारी नहीं है।

# एक नजर

## राजस्थान आईपीएल फाइनल में अश्विन की बीवी की खुशी पहुंची सातवें आसमान पर



**राजस्थान** रॉयल्स की जीत में जोस बटलर का अहम किरदार रहा. क्वालीफायर 2 में बटलर ने 106 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को फाइनल में पहुंचा दिया. साल 2008 के बाद पहली बार राजस्थान की टीम आईपीएल फाइनल खेलेगी. बता दें कि मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी की थी और 157 रन बनाए थे जिसके बाद राजस्थान ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. बटलर की शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया.

बता दें कि मैच के दौरान अश्विन की बीवी प्रीति नारायणन भी मौजूद थी. जब राजस्थान की टीम मैच जीतने में सफल रही तो अश्विन की बीवी ने दर्शक दीर्घा में खड़े होकर इसका जश्न भी मनाया. इतना ही रासी वान डर डुसेन की पत्नी लारा से गले लगकर उछलने लगी. प्रीति ने इसका वीडियो सोशल मीडिय पर शेयर किया है. जश्न मनानें का वीडियो शेयर कर प्रीति ने अश्विन को टैग भी किया है और कैप्शन में लिखा है, %आईपीएल फाइनल बेबी%%, प्रीति द्वारा शेयर किए गए वीडियो पर धनश्री ने दिल की इमोजी शेयर की है. मैच में जोस बटलर (नाबाद 106 रन) की तेज तर्रार शतकीय पारी से शुक्रवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में IPL 2022 दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 7 विकेट से हरा दिया. स सत्र में यह बटलर का चौथा शतक था जिसके लिये उन्होंने 59 गेंद में 10 चौके और पांच छक्के जड़े. फिर एक और छक्का जड़कर टीम को रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचा दिया.

# टर्फ पिच पर होगा चैम्पियंस लीग का फाइनल, स्पेन से 24 ट्रकों में भरकर पेरिस लाई गई

**नई दिल्ली।** चैम्पियंस लीग के फाइनल मुकाबले में लिवरपूल का सामना रियल मैड्रिड से होना है. 29 मई को पेरिस के स्टेड डि फ्रांस स्टेडियम में यह फाइनल मैच खेला जाएगा. फरवरी में यूईएफए ने 2021-22 का फाइनल सेंट पीटर्सबर्ग से पेरिस स्थानांतरित कर दिया था. UEFA को रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के चलते यह निर्णय लेना पड़ा था। वैसे, इस महामुकाबले को लेकर चिंता बढ़ गई है. दरअसल, मुकाबले के लिए टर्फ पिच स्पेन से मंगवाया है, जो 24 एसी ट्रकों में भरकर रविवार को स्पेन से चलकर स्टेड डि फ्रांस स्टेडियम पहुंचा. पूरे मैदान पर टर्फ पिच को बिछाने की प्रक्रिया गुरुवार देर रात चलती रही, जिसके चलते इसके कंडीशन्स को लेकर सवाल खड़े होना लाजिमी है.



इस नई पिच का उपयोग पहली बार शुक्रवार शाम को किया जाएगा, जब लिवरपूल और रियल मैड्रिड महामुकाबले से ट्रेनिंग करने उतरेंगे. iTurf मैनेजमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेनोइट लवली ने कहा, 'हम मूल रूप से चार से पांच दिनों में नई टर्फ बिछाने के लिए तैयार थे. चैम्पियंस लीग के फाइनल के चलते यह थोड़ी बड़ी चुनौती बन गई है. हमें इसे 48 घंटे में बिछाना पड़ा.'

## 24 जून को होगा नई पिच पर आखिरी मैच

यूईएफए आम तौर पर फाइनलिस्ट को फाइनल मैच से एक रात पहले न्यूट्रल वेन्यू को जांचने एवं प्रैक्टिस करने की अनुमति देता है. नई पिच को जून के अधिकांश समय तक उपयोग में लाया जाएगा.

# आईपीएल में बटलर का धमाल, चौथा शतक लगाकर बटलर ऑरेंज कैप की रेस में

**अहमदाबाद।** आईपीएल के 15वें सीजन के क्वालिफायर-2 में जोस बटलर ने कोहली का फाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ दिया। उनकी नाबाद 106 रन की पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने बेंगलुरु को हराकर 14 साल बाद फाइनल में जगह बनाई। बटलर ने 10 चौकों और 6 छक्कों की मदद से शतक लगाया।

इस पारी में बटलर ने विराट कोहली के एक सीजन में चार शतक लगाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में विराट के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं।

कोहली ने 2016 में चार शतकों और 7 अर्धशतकों के साथ 973 रन बनाए थे। यह आईपीएल



में किसी भी प्लेयर की ओर से एक सीजन में बनाया गया सबसे अधिक स्कोर है। बटलर ने भी इस सीजन के 16 मैचों में 58.86 के एवरेज से 824 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 151.47 रहा। इस दौरान उन्होंने चार शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए हैं।

## बटलर ने ऑरेंज कप पक्का किया

बटलर ने इस सीजन में 824 रन बनाकर ऑरेंज कप पक्का कर लिया है। दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर काबिज खिलाड़ी उनसे काफी पीछे हैं और उनकी टीमें ढ्ढक्करूसे बाहर हो चुकी हैं। बटलर के बाद केएल राहुल ने 616 रन बना कर दूसरे स्थान पर हैं। उनकी टीम लखनऊ जायंट्स ढ्ढक्करूसे बाहर हो चुकी है। इसी तरह तीसरे नंबर पर क्विंटन डि कॉक भी लखनऊ जायंट्स से ही हैं। उन्होंने 508 रन बनाए हैं। शिखर धवन 460 रनों के साथ चौथे नंबर पर हैं। धवन की टीम पंजाब किंग्स प्ले ऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी। पांचवें स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या हैं।

# मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

## जिला अत्याचार निवारण समिति की बैठकें, नियमित रूप से आयोजित करने दिए निर्देश

बिलासपुर । आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा है कि जिला स्तरीय अत्याचार निवारण समिति की बैठक नियमित रूप से होने चाहिए। हर तीन महीने के अंतराल पर एक बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित होने चाहिए।








श्री टेकाम आज यहां जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के सहायक आयुक्त एवं परियोजना प्रशासकों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव श्री डी.डी.सिंह एवं आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी सहित संचालनालय एवं दोनों संभाग के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

श्री टेकाम ने लगभग 5 घण्टे तक चली लम्बी बैठक में जिलेवार संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का सर्वांगीण विकास और उनकी समस्याओं का निदान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बजट एवं अन्य संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 265 एवं 275 के अंतर्गत आदिवासियों के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा पर्याप्त अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। इन योजनाओं में जितनी जल्दी काम होगा, उसी गति से और बजट मिलेगा। इसलिए तेज गति से काम किये जाये। उन्होंने अन्य निर्माण कार्यों में भी धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किये। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं होकर निर्माण कार्यों की प्रगति की मॉनीटरिंग कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**तेजी से पूर्ण करें निर्माण कार्य, बजट की नहीं है कमी**

**आदिवासियों के इलाज के लिए ले सकते हैं निजी डॉक्टरों की सेवाएं**

श्री टेकाम ने कहा कि आदिवासियों के लिए हॉस्टल, आश्रम एवं स्कूल के लिए विभिन्न एजेन्सियों को बजट उपलब्ध कराने से ही हमारा लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता है।

निर्माण एजेन्सियों से समन्वय बनाकर समय पर पूर्ण कराकर वास्तविक हितग्राहियों को लाभ दिलाना हमारा उद्देश्य होने चाहिए। श्री टेकाम ने कहा कि आदिवासियों के पोषण स्तर और सेहत में सुधार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से मिलकर काम करें। यदि जरूरत पड़े तो निजी क्षेत्र की विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं भी ली जानी चाहिए। श्री टेकाम ने बैठक में वन अधिकार पत्र के निर्माण एवं वितरण की भी समीक्षा की।

इस काम में भी धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जिन-जिन ग्रामों में संभावना हैं, वहां का दौरा कर वनवासियों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें समझाएं। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में भी वन अधिकार पत्र बांटने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वनवासियों को अधिकार प्रमाण पत्र के साथ ऋण पुस्तिका भी दिएं ताकि वे विकास कार्यों के लिए बैंक से लोन प्राप्त कर सकें। आदिम जाति मंत्री श्री टेकाम ने कहा कि स्कूल खुलने के पहले आश्रम एवं छात्रावासों की जरूरी मरम्मत के काम पूर्ण कर लिए जाएं ताकि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पहाड़ी कोरवा, बैगा, बिरहोर एवं पण्डो विकास प्राधिकरण के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए तेज गति से उनको शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के एडिशनल डॉयरेक्टर श्री आर.एस.भोई एवं श्री गौड़ भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मलेन केरल में शामिल हुईं खुज्जी विधायक छन्नी साहू




**छुरिया।** केरल सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मलेन 2022 का आयोजन बीते दिनों तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा की विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने भी शिरकत की । उक्त सम्मलेन में पूरे भारत देश की महिला विधायक व् सांसदों को आमंत्रित किया गया था । सम्मेलन में सम्मिलित होने के पश्चात खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा की ऐसे कार्यक्रमों से बहुत कुछ सीखने व् समझने को मिलता है । महामहिम राष्ट्पति श्री रामनाथ कोविंद जी ने जब कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया तो वो गौरवान्वित कर देने वाला क्षण था । श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि प्रकृति की वादियों में बसा केरल बहुत शिक्षित राज्य है और इस सम्मलेन में भारत की तमाम महिला विधायकों से मेल मुलाक़ात बहुत सुखद रहा आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का अवसर जरूर हम सबको मिलेगा ।

# मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने लिखा पत्र

## ग्राम पंचायत भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने रखी मांग

छुरिया। छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने के लिए माननीय भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने पत्र लिखकर उक्त मांग की स्वीकृति प्रदान करने का मांग पत्र सौंपा है।





कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव
श्रीमती गीता साहू
अध्यक्ष
जिला पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)
क्रमांक 657
दिनांक 26.05.2022
प्रति,
माननीय भूपेश बघेल जी,
मुख्यमंत्री
छ0ग0 शासन, रायपुर (छ.ग.)
विषय :- छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने बाबत्।
संदर्भ :- छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ, रायपुर जिला – राजनांदगांव (छ.ग.) पं.क्र. 2960 का पत्र क्र./व्यु/ दिनांक 26.05.2022
मान्यवर मुख्यमंत्री जी,
उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करेंगे। ... छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने के संबंध आवेदन प्राप्त हुआ है।
अतः माननीय मुख्यमंत्री जी, आपसे अनुरोध है कि सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने के संबंध में उचित निर्णय लेने का कष्ट करें।
संलग्न – उपरोक्तानुसार।
मान्यवर सादर धन्यवाद सहित.....
श्रीमती गीता साहू
क्रमांक /658 /
राजनांदगांव दिनांक 26.05.2022
प्रतिलिपि :-
1. आवेदक श्री भूपदास साहू (जिलाध्यक्ष) मो. नं. 7223839198 छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ, रायपुर जिला – राजनांदगांव (छ.ग.) पं.क्र. 2960 आपको आपके आवेदन पत्र संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव के माध्यम से सादर सूचनार्थ।
श्रीमती गीता साहू

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने लिखे पत्र में छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने बाबत। छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत कल्याण संघ रायपुर जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पं. क्र. 2960 का पत्र क्र. द्वारा समक्ष उपस्थित होकर जनसंपर्क के दौरान ज्ञापन सौंपा गया है ।जिसमें उनके द्वारा छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। अतः माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायतों भृत्यों का कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने के संबंध में उचित निर्णय लेने का आग्रह किया है।

# सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक कला जत्था के माध्यम से पहुंच रही शासन के योजनाओं की जानकारी



**राजनांदगांव ।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले में कला जत्था समय लोकहित सेवा संस्था, धरती के सिंगार संस्था, सृजन सामाजिक संस्था के कलाकार अपनी नृत्य प्रस्तुति एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रसार कर रहे हैं। शासन की लोकहितैषी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुरूप ग्रामवासियों को जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ी में ग्रामवासियों को यह बताया कि छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ह गांव में गौठान के निर्माण करे हे। गोबर के खातू बनत हे, वर्मी खाद से सुन्दर फसल उपजावत हन। हमर लोक संस्कृति अऊ खेल घलो ल महत्व मिले हे। पेज-पसिया, बोरे बासी ल विदेशी मन घलो खावत हे, छत्तीसगढियां सबले बढिया संगवारी हो। छत्तीसगढ़ में योजनाओं की जानकारी देते हुए कला जत्था के दल ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी ल सुरता करहू संगवारी। हमर गांव के विकास खेत-खार, सिंचाई में हमर सहभागिता होनी चाहिए। किसान के उपज के उचित मूल्य मिलथे। सरकार ह महिला सशक्तिकरण बर नया ताना-बाना बुने हे। हरेली, तीजा तिहार अऊ छठ पूजा ल महत्व दे के छुट्टी दे हे। समय लोकहित सेवा संस्था द्वारा धर ले कुदारी गा किसान..., नोनी ह पढ़ी ज्ञान के जोत जलाही... बिहनिया के सूरज देवता जैसे सुमधुर गीतों पर मोहक प्रस्तुति देते हुए कलाजत्था के दल सुदूर वनांचल तक पहुंच रहे हैं।

जिले के सभी 9 विकासखंडों के 90 ग्रामों में कला जत्था दल अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दे रहे हैं। समय लोकहित सेवा संस्था द्वारा छुरिया, डोंगरगढ़ एवं मोहला के ग्रामों में प्रस्तुति दी जा रही है। सृजन सामाजिक संस्था के कलाकार खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम सलोनी, बघमर्रा, चारभांठा, केसला में प्रस्तुति दी है।

धरती के सिंगार संस्था द्वारा अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम सोनसायटोला, भड़सेना, कोडुटोला, कोरचाटोला, टाटेकसा, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा में प्रस्तुति दी गई।

# सासंद गुहा राम अजगल्ले के मुख्य आतिथ्य में अंबेडकर जयंती आज तागा में

**जांजगीर ।** जांजगीर लोकसभा के सांसद गुहा राम अजगल्ले होंगे के मुख्य आतिथ्य में अंबेडकर जयंती का आयोजन 29 मई, रविवार को सूर्यवंशी समाज तागा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जयपाल सिंह पूर्व संभागीय अध्यक्ष सूर्यवंशी समाज के साथ जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल, अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, सेवा निवृत्त सचिव एस. एल. रात्रे एवं पावर ग्रिड कार्पोरेशन के महाप्रबंधक विकास बगड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज के सदस्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन होंगे। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन एवं कार्य पर व्याख्यानमाला होगा।



# अन्तर्राजयीय शराब तस्करो पर चिचोला पुलिस की बड़ी कार्यवाही

– 18 पेटी गोवा शराब (मध्यप्रदेश निर्मित) कुल- 900 पौवा कीमती 96300/-रू0 एवं एक सफेद रंग की कार जप्त,

ऑपरेशन ''निजात'' को एक और सफलता,

**छुरिया।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री संतोष सिंह द्वारा जिला में चलाये जा रहे नशा उन्मुलन कार्यक्रम ''निजात'' के अन्तर्गत अति पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा राजनांदगांव, श्री जय प्रकाश बढ़ई डोंगरगढ़ व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री के0के0 पटेल के दिशा-निर्देष में अवैध शराब बिक्री एवं तस्करों के विरूद्ध अभियान के तहत निरीक्षक श्री रामअवतार ध्रुव थाना प्रभारी छुरिया के मार्ग दर्शन में चिचोला चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आर0एस0 सेंगर के नेतृत्व में दिनांक- 27.05.2022 को रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी रवाना हुई थी जो पेट्रोलिंग दौरान एक सफेद रंग के कार में देवरी महाराष्ट के तरफ से ग्राम चिचोला की ओर शराब भरकर आ रही है कि मुखबीर सूचना पर पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल ग्राम पाटेकोहरा




आर0टी0ओ0 बैरियर के पास पंहुचकर नाकाबंदी की कार्यवाही कर वाहनों का चेकिंग किया गया जो चेकिंग दौरान एक सफेद रंग के कार सेवरलेट वाहन क्र0- सीजी 07- 8606 में आरोपी चालक - देवेन्द्र कुमार जांगड़े पिता स्व0 बाबूलाल जागंड़े उम्र 28 साल साकिन कैम्प 01 शास्त्री नगर वार्ड न0- 19 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग (छ0ग0) एवं रामचन्द्र राजमर पिता स्व0 धन्नीराम राजमर उम्र 35 साल साकिन आशापार थाना जलालपुर जिला अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) हाल:- कैम्प 01 जलेबी चौक क्वाटर न0-52 सी भिलाई थाना छावनी दुर्ग (छ0ग0) को अवैध रूप से मध्यप्रदेष राज्य निर्मित शराब का तस्करी करते हुए पकड़कर आरोपीगण से कार सेवरलेट वाहन क्र0- सीजी 07- 8606 किमती 100000/-रू0 व 18 नग सफेद कार्टुन जिसके प्रत्येक कार्टुन में 50-50 पौवा गोवा स्प्रीट ऑफ स्मुथनेस व्हीस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल शराब भरी हुई शीलबंद कुल- 900 पौवा जुमला मात्रा- 162 बल्क लीटर किमती- 96300/-रू0 जुमला किमती- 196300/-रू0 को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर आरोपीगण को धारा- 34(2) आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी आर एस सेंगर,सउनि विनोद कुमार वर्मा, प्र0आर0- 370 दीपक सिंह राजपुत, आरक्षक- 160 देवीलाल साहू, आरक्षक- 1343 आशीष मानिकपुरी, आरक्षक- 1277 प्रभाकर मरावी, आरक्षक- 1741 लीलाधर मंडलोई का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

# दो से ढाई हजार तक में होने वाली इको कॉर्डियोग्राफी शिविर में निःशुल्क







**कोरिया।** जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल पर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र केल्हारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज के गांवों से ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने शिविर में पहुंचे। प्रशासन की इस पहल को आम जन की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और इसका परिणाम हुआ कि 3472 से भी ज्यादा ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अलग-अलग रोगों की निःशुल्क जांच कराई और दवाइयां व परामर्श लिया। केल्हारी स्वास्थ्य शिविर में सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, ओएसडी पीएस ध्रुव ने पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव जाने। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए अपनी बात रखी।

इस दौरान विधायक कमरो ने शिविर को संबोधित किया। उन्होंने वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजन के लिये जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, खंड स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 'निरीक्षण के दौरान 13 साल की नीलम से विधायक एवं कलेक्टर ने की मुलाकात'

शिविर के निरीक्षण के दौरान शिविर में आई उजियारपुर की 13 साल की नीलम से विधायक एवं कलेक्टर ने मुलाकात कर चिकित्सकों से उनका हाल-चाल जाना। मानसिक रूप से कमजोर नीलम को सुनने-समझने में दिक्कत होती है। श्री कमरो ने स्वास्थ्य विभाग को परामर्श के बाद निरन्तर फॉलोअप लेने कहा। कलेक्टर ने रिफर किये जाने वाले मरीजों की अलग सूची संधारण के निर्देश सीएमएचओ को दिए जिससे उनका फॉलोअप लिया जा सके।

### '3400 से भी ज्यादा दूर-दराज से आये ग्रामीणों को शिविर में मिला स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ'

शिविर में 3472 ग्रामीणों का विभिन्न बीमारियों का जांच एवं उपचार निःशुल्क किया गया। इसमें हृदयरोग, इको कार्डियोग्राफी - 30, दवाई वितरण - 1836, डायबिटीज - 223, उच्च रक्तचाप - 197, कुष्ठ रोग - 5, स्त्री रोग एवं प्रसूति - 204, शिशु रोग - 105, दंत रोग - 85, नाक-कान-गला एवं ऑडियोमेट्री जांच - 83, अस्थि रोग - 186, मानसिक स्वास्थ्य -151, नेत्र रोग 259 एवं चश्मा वितरण - 156, लैब जांच - 407, हेल्थ आई.डी. - 204 आयुष्मान कार्ड - 240, जांच, उपचार एवं आयुष विभाग - 242, टी.बी. जांच - 34, मलेरिया - 11, मेडिसिन विभाग - 514, सोनाग्राफी - 15 एवं सामान्य जांच एवं उपचार - 402 शामिल है। इसी तरह शिविर में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता धारकों को निःशुल्क चिकित्सा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। साथ ही चश्मा, डिजिटल हेल्थ कार्ड एवं आयुष्मान भारत स्मार्ट कार्ड का वितरण किया गया।

# छ.ग.कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बैठक आहूत कर आंदोलन की रूपरेखा निर्धारित की

**राजनांदगॉव।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला ईकाई राजनांदगॉव के समस्त संबद्ध सगठनों के जिला अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों की बैठक दिनाँक 27 मई 2022 दिन शुक्रवार को संध्या 4 बजे से जिला कार्यालय प्रांगण में आहूत की गई। यह बैठक फेडरेशन के द्वारा प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रांतीय सचिव एवं प्रभारी दुर्ग संभाग राजेश चटर्जी के आव्हान पर जिला संयोजक डॉ. के.एल.टाण्डेकर एवं जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में आयोजित की गई जिसमे राज्य सेवा के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सॉतवे वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग के लिये आंदोलन की रूपरेखा निर्धारित की गई। अपनी जायज मांगों के लिये आगामी आंदोलन की रणनीति बनाने के लिये जिले के विभिन्न कर्मचारी अधिकारी संगठन इस बैठक में उपस्थित रहें और इस बैठक में चार चरणों मे किये जाने वाले आंदोलन को सफल बनाने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव आज जिले के दौरे पर

**गरियाबंद ।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव 29 मई रविवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। वे प्रातः 9 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा ग्राम सुपेबेड़ा के लिए प्रस्थान कर वहां आमजनों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तथा सुबह 10.45 बजे गरियाबंद के लिए प्रस्थान करेंगे। सिंहदेव सबेरे 11.30 बजे गरियाबंद के सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं और आमजनों से भेंटकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात दोपहर 12.30 से अपरान्ह 2 बजे तक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। भोजन उपरांत अपरान्ह 2.30 बजे से शाम 4 बजे तक पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक के पश्चात वे शाम 4 बजे महासमुंद जिले के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे।

# बालमगोड़ा में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन सीखना-सिखाना कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्राथमिक शाला बालमगोड़ा के संयुक्त तत्वावधान व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन सीखना-सिखाना कार्यक्रम का आज समापन हुआ। कार्यक्रम को आयोजित करने के पीछे बच्चों में शैक्षिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नेतृत्व क्षमता व रचनात्मक कौशल का भी विकास करना था।



कोरोनाकाल में बच्चों के सीखने में आयी कमी को भी दूर करने व नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य था। 16 से 26 मई तक चलने वाला इस कार्यक्रम की रूपरेखा कुछ इस प्रकार थी। बच्चों ने प्रथम दिवस मुखौटा व अपना परिचय पत्र बनाना सीखा। द्वितीय दिवस कहानी सुनना फिर कहानी के पात्र का चित्र बनाना व घटनास्थल का चित्रण करना सीखा। तीसरे दिवस अक्षर कार्ड से शब्द छोटे बच्चों ने व बड़े बच्चों ने शब्द से अनुच्छेद बनाकर पढ़ना सीखा। चतुर्थ दिवस 2 व 3 अंकीय संख्याओं को लिखकर स्थानीय मान के अनुसार पढ़ना व लिखना सीखे। पांचवे दिवस पर फलों व सब्जियों के नाम को अंग्रेजी में चित्र वाले पजल कार्ड को जोड़कर पढ़ना सीखे साथ ही सब्जियों से व्यंजन बनाने की विधि को मौखिक बताये। छठवें दिवस छोटे बच्चों के साथ जोड़-घटाव व बड़े बच्चों के साथ गुणा-भाग की संक्रियाओं पर काम किये व बड़े बच्चों ने खुद ही ईबारती सवाल बनाना भी सीखा। सातवें दिवस प्रिंटरिच वातावरण से सीखने का अवसर दिया गया जिसमें चॉकलेट, बिस्किट, चिप्स फ्रुटी के रैपर का उपयोग कर इन उत्पादों के नाम, निर्माण तिथि, अवसान तिथि, घटक की मात्रा, निर्माता कंपनी खुदरा मूल्य, स्वास्थ्यकर है कि नही देखकर पढ़ना सीखे साथ ही ट्रेन के समय जैसे 17.50 को हमारी घड़ी में कितना पढ़ेंगे यह भी बताए। आठवें दिवस आकृतियों की पहचान करना व कौन सा त्रिभुज व चतुर्भुज बना, इन आकृतियों में कितने भुजाए शीर्ष व कोण बन रहे हैं देखकर बताये। नौवें दिन दिए शब्दों का उपयोग कर कहानी लेखन करना था व बच्चों के द्वारा कागज से टोपी बनाना था। दसवें दिन बच्चों के समझ की जाँच के लिए एक वर्कशीट पूरा करने को दिया गया। हर दिन का कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व बच्चों के साथ व्यायाम, खुद का परिचय नए अंदाज में देना, भाषा व गणितीय संक्रियाओं के खेल के साथ होता था। हर दिन बच्चों के लिए बिस्किट फ्रुटी भी फाउंडेशन के द्वारा बच्चों को दिया जाता था व सीखने का बेहतर व सुखद माहौल में सीखना होता था जो बच्चों की उपस्थिति बनाये रखने के लिए अनुकुल था। इस तरह दस दिवसीय सीखना-सिखाना कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के शेखर ने प्राथमिक शाला बालमगोड़ा के प्रधान पाठक गिरिजा कुमार नायक, शिक्षक संतोष कुमार पटेल, पालूराम सिदार, सविता सिदार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी साथ ही बच्चों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन संकुल प्राचार्य जे.एल.नायक व समन्वयक राजेन्द्र कुमार चौहान के गरिमामयी उपस्थिति व मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। अंत में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के शेखर व संकुल प्राचार्य व समन्वयक के द्वारा बच्चों के ज्ञान व कौशल वर्धन के लिए अमूल्य सहयोग हेतु शाला परिवार बालमगोड़ा के संतोष कुमार पटेल ने आभार प्रदर्शन किया व कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मृत्यु, सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग खरसिया अंतर्गत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पश्चात एसडीएम खरसिया द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के वारिसानों को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.)खरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार चितापाली निवासी चैनसिंह एवं पतंगसिंह की 6 सितम्बर 2020 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर बसंती राठिया एवं बालमती राठिया को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है।

### नटवर स्कूल में हिन्दी मीडियम में होगा छात्रों का एडमिशन

**कलेक्टर सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिए हैं निर्देश**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह ने नटवर स्कूल के हिन्दी मीडियम के कक्षा 6वीं, 9वीं और 11वीं में प्रवेश के इच्छुक छात्रों का एडमिशन लेने के लिए निर्देशित किया है। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारी श्री आर.पी.आदित्य ने बताया कि शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ के हिन्दी माध्यम में कक्षा 6वीं, 9वीं और 11वीं में प्रवेश के इच्छुक छात्र अपना आवेदन शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ के कार्यालय में प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक जमा कर सकते हैं।

### 28 मई को आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह स्थगित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य में छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा के मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 21 विद्यार्थियों हेतु 28 मई 2022 को सम्मान कार्यक्रम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट, रायगढ़ में आयोजित किया गया था। चूंकि स्कूल शिक्षामंत्री टेकाम का रायगढ़ दौरा कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त हो गया है जिसके कारण सम्मान कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। आगामी कार्यक्रम की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### जिला सत्रीय महिला कांग्रेस की सभा आयोजित की गई

**गरियाबंद।** महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद्मा दुबे के नेतृत्व में जिला महिला कांग्रेस की सभा स्थानीय लोकनिर्माण प्रतीक्षालय में आहूत कि गई , जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी प्रेमशिला नायक व अध्यक्षता गरियाबंद जिला पर्यवेक्षक महिला कांग्रेस तारिणी चंद्राकर की उपस्थिति रही । इस बैठक में महिला कांग्रेस की टीम बनाकर वार्ड,ग्राम,पारा,टोला, स्तर पर महिलाओं की टीम बनाकर सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुचाने के साथ साथ उनसे लाभान्वित भी कराने का लक्ष्य रखा गया ।

## कांग्रेस भवन में पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी गई

**गरियाबंद** । कांग्रेस भवन गरियाबंद में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का 58 वी पुण्यतिथि पर पुष्प माला एवं विनम्र श्रद्धांजलि कर पुण्यतिथि मनाया गया। मोहम्मद हफीज खान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि पं नेहरू जी ने गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया एवं देश को आजादी दिलाई।स्वतंत्र भारत में प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में पदस्थ होने के बाद लगभग 17 वर्षों से अपने सफल कार्यकाल में उन्होंने देश को मजबूत औद्योगिक ढांचा प्रदान किया। वैज्ञानिक रूप से देश को समृद्ध किया ।हरित क्रांति को साकार किया गुट निरपेक्षता की नीति को देश हित में सफलतापूर्वक लागू किया। विश्व बंधुत्व एवं शांतिपूर्ण अस्तित्व के सिद्धांतों को सुदृढ़ कर भारत को विश्व के नक्शे में महत्वपूर्ण स्थान दिलाया।इस कार्यक्रम में प्रेम सोनवानी शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन रामकुमार वर्मा सेवाराम गुप्ता ओम राठौर कृष्ण कुमार शर्मा हरीश ठक्कर वीरेंद्र सेन अवध राम यादव मुकेश रामटेके बाबा सोनी विमला साहू सविता गिरी नंदिनी त्रिपाठी नैन बाई उपस्थित थे।

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में शुरू हुई अस्थिरोग, सर्जरी और फिजियोथेरेपी की ओपीडी

**कल से मनोरोग, चर्मरोग, दंत चिकित्सा, नाक कान गला रोग और जनरल मेडिसिन की ओपीडी भी हो जाएगी शुरू**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने पिछले दिनों अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के नए भवन में विभागों की शिफ्टिंग के निर्देश मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को दिए थे। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज



हॉस्पिटल के नए भवन में विभागों की शिफ्टिंग शुरू हो गयी है और उनकी ओपीडी भी नए बिल्डिंग में प्रारम्भ कर दी गयी है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज ने बताया कि हॉस्पिटल के नए भवन में अस्थि रोग, सर्जरी और फिजियोथेरेपी विभागों की आज शनिवार से ओपीडी प्रारंभ कर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। ये विभाग हॉस्पिटल बिल्डिंग मिडिल ग्राउंड फ्लोर में शुरू की गयी हैं। उन्होंने बताया कि 30 मई सोमवार से 5 अन्य विभागों की ओपीडी भी यहां शुरू कर दी जाएगी। जिसमें मनोरोग, चर्मरोग, दंत चिकित्सा, नाक, कान, गला रोग और जनरल मेडिसिन शामिल हैं। इसके साथ यहां एमआरडी (मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट) भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य दूसरे विभागों की भी जल्द शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस: निकली स्वच्छता रैली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूषों द्वारा माहवारी को स्वच्छता से जोड़ते हुये जिला पंचायत में उपस्थित सभी महिलाओं व बेटियों को लाल रंग मेरा अभिमान यह सोच रख कर तिलक लगाकर उनका सम्मान किया गया व अंतर्राष्ट्रीय माहवारी दिवस की बधाई दी। साथ ही फ्री पैड का भी वितरण किया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला पंचायत से शहरी क्षेत्र से होकर ग्रामीण अंचल तक जाने वाली माहवारी स्वच्छता रथ को कलेक्टर श्री सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवानगी की गई। यह रथ उसके पश्चात रेलवे स्टेशन होते हुये जिले के ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिये निकल पड़ी। साथ ही साथ माहवारी स्वच्छता गीत को आसानी से लोग से सुन सके इसके लिये (पावना) महावारी स्वच्छता गीत का क्यू आर कोड बनाया गया ताकि सब इसे आसानी से सुन सके सके। एनएसएस के विद्यार्थी रैली के माध्यम से यूनिसेफ़ की टीम से श्री शशांक के मार्गदर्शन में शहर में माहवारी स्वच्छता का नारा लगाते हुये पैड वितरण करते हुये लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसी कड़ी मे आगे श्री प्रेमकुमार रावत मुख्य स्टेशन प्रबंधक द्वारा क्यू कोड को अपने स्टेशन व ट्रेन के डिब्बो मे भी इसे लगवाए जाने की बात कही व जिले में चल रहे पावना मुहिम के लिये जिले वासियों को बधाई दी। साथ ही साथ सभी टीटी को भी इसकी जानकारी उनके द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्यक्रम दौरान डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर निमिश साव, अर्जुन मेहर, हीरा सिंग, मोनिका इजारदार, तुषार चौहान व समस्त जिला पंचायत की टीम प्रयास उपस्थित थे।



## रेडियो जनदर्शन में कॉल कर बतायी समस्या तो समाधान के लिए मौके पर पहुंचे कलेक्टर

**नगर निगम शॉपिंग काम्प्लेक्स में नियमित सफाई और पेयजल व्यवस्था के दिये निर्देश**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रेडियो जनदर्शन के कार्यक्रम के दौरान एक कॉलर ने फोन कर कलेक्टर भीम सिंह को नगर निगम काम्प्लेक्स में नियमित सफाई और पेयजल के अभाव की समस्या बतायी। कलेक्टर सिंह रेडियो जनदर्शन का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तत्काल एस.पी.आफिस के बाजू में स्थित नगर निगम की शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने काम्प्लेक्स के सारे फ्लोर्स का निरीक्षण किया और दुकान चलाने वाले व्यापारियों से काम्प्लेक्स की समस्याओं के संबंध में चर्चा की और उनके निराकरण के दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी साथ रहे। कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान काम्प्लेक्स में शौचालयों की साफ-सफाई करवाते हुए पानी की व्यवस्था कर फिर से उपयोग



लायक बनवाने के निर्देश दिए। जिससे यहां दुकान चलाने वालों के साथ खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों को भी सुविधा हो। इसके साथ ही उन्होंने पूरे काम्प्लेक्स की रोजाना साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने बारिश में दूसरे और तीसरे तल में पानी भरने की समस्या के बारे में भी बताया। जिसके बाद कलेक्टर सिंह ने छत पर जाकर निर्माण कार्य का मुआयना किया। उन्होंने ईई नगर निगम को छत की प्रूफिंग और जल निकासी की व्यवस्था सुधारने



के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। जिससे आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा सके।

कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टर रेडियो जनदर्शन की पांचवीं कड़ी के माध्यम से जिले के लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में काल से कौहाकुंडा वार्ड में नाला पाटे जाने की शिकायत भी मिली थी। जिसके बाद उन्होंने मौका मुआयना कर वहां नाले को पाटे जाने को तत्काल बंद कर, फिर से नाले को खुलवाने के निर्देश निगम कमिश्नर को दिए। ग्राम-कटेली के शिव कुमार द्वारा राशन कार्ड नहीं बनाये जाने के संबंध में समस्या बतायी। कलेक्टर सिंह ने खाद्य अधिकारी को संबंधित का राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। बोरोडीपा पुसौर के प्रधान ने गढ़उमरिया रोड खराब होने एवं बरसात में खेत में पानी भरने की समस्या बतायी। कलेक्टर सिंह ने प्रधान की समस्या को सुनकर संबंधित अधिकारी को समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कोड़ातराई के दिलीप चौधरी ने बस स्टैण्ड में बने शौचालय में गंदगी व असामाजिक तत्वों के वहां डेरा को लेकर कलेक्टर श्री सिंह को अवगत कराया।

## कोपरा पांडुका के बीच खेतों के अवशेष में किसान ने लगायी आग, आग से गिरा सड़क में झाड़, यातायात बाधित

**गरियाबंद** । राज्य शासन के निर्देश में जिला प्रशासन द्वारा किसानों को उनके खेत मे बचे पैरा के अवशेष में आग न लगाकर गौठानो में दान करने की समझारश दिए जाते रहा है।

लेकिन वे किसान खेतो के अवशेषों को लगातार आग लगाकर जमीन को अनुपजाऊ तो बना रहे है साथ ही जमीन के ऐसे जीवजन्तु जो जमीन को पोला बनाते है उन्हे खत्म कर रहे है साथ ही पर्यावरण को दूषित कर रहे है।इस पर सखूत होते हुए दो वर्ष पूर्व गरियाबंद कलेक्टर द्वारा उन किसानों पर कार्यवाही कर अर्थ दंड लगाए थे जिन किसानों ने अपने खेतों में आग लगाया करते थे। लेकिन दो वर्ष बाद फिर किसान खेतो में आग लगाकर उन्ही हरकतों को करने लगे जिससे हर तरह से लोगो को नुकसान है।वही आज शनिवार शाम को खेतों को जलाते वक्त एक बड़ी घटना घटते हुए बचा।ज्ञात हो कि कोपरा से सडकड़ा के बीच के खेतो में खरीफफसल का धान बोवाई के लिए किसान खेतो को साफकरने के चक्कर मे आग लगा दिए ये आग बुरी तरह से जलते हुए नेशनल हाइवे 130 के सड़क किनारे लगे बड़े झाड़ तक पहुच गया और झाड़ जलकर सड़क में बीचोंबीच गिरा, जिसमे गनीमत यह रही की उस वक्त कोई वाहन वहां से नही गुजरा अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी ।इस घटना से सडक के दोनो ओर एक घण्टे तक दर्जनो वाहन जाम हो गए ,घटना की जानकारी पुलिस और वन विभाग को मिली तब वह विभाग की टीम मौके पर पहुची और झाड़ को किनारे किये तब एक घण्टे बाद यातायात संचालित हो पाया।

## डोभ पंचायत में विघुतीकरण होने से गांव होगा रोशन- विनय भगत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गांव के अंतिम छोर में बसे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को लाभ मिले इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजनांतर्गत नव निर्मित सन्ना तहसील के ग्राम पंचायत डोभ में विधायक विनय भगत ने बिजली विस्तारीरकण करने के लिए भूमिपूजन किया है और नव निर्मित सन्ना तहसील के ग्राम पंचायत डोभ में आने वाले मजरा.टोला डोभ, छिरोटोली, सरनाटोली, कोचाकोना, तमेया, संघनडिपा, डूमरपाठा के ग्रमीणों का सपना पूरा करने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विधायक विनय भगत ने धन्यवाद



देते हुए कहा कि 66 लाख 78 हजार रुपये की लागत से विद्युत का विस्तारीकरण योजना का लाभ जल्द ही ग्रामीणों को मिलेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत भवन के प्रांगण में 5 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लाक लगेगा। उन्होंने कहा कि डोभ में बिजली विस्तारीकरण होने से डोभ ग्राम पंचायत के साथ-साथ लगभग सात गांव टोलापारा में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा और उनके घरों में रोशनी होगा। बिजली आ जाने से पढ़ने वाले बच्चों के साथ-साथ आंख से कमजोर एवं बुजुर्ग माता.पिता की पेरशानी दूर हो सकेगा। इस अवसर पर स्वेता विनय भगत, सूरज चौरसिया, अमित महतो, मंगल पाण्डेय, शिवनाथ राम, बरतिला मिंज, सहदेव मिंज, बुतरू राम, प्रेम यादव, मधुसूदन यादव, तनेश्वर यादव, दयाराम, गोपाल राम, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ श्री राम बालक दास के साथ है उनका अपमान नहीं सहा जाएगा-चोवाराम वर्मा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

हमारे मनवा कुर्मी समाज मे चहुमुखी प्रतिभा के धनी अनेक प्रतिभाओ का जन्म हुआ है जो अपने अपने कार्य से देश प्रदेश को गौरान्वित किया है एवं अपने कुशल कार्य क्षमता का लोहा मनवाये हैं इसी समाज का बेटा कुशल राजनीतिज्ञ प्रदेश का बागडोर सम्हाले हैं इसी समाज से जन्म लेकर 9 वर्ष की उम्र में सब कुछ त्याग कर मानव समाज के उत्थान के लिए अध्यात्म एवं सनातन धर्म की राह में राज योगी बाबा के सानिध्य में वर्षो से जामडी पटेश्वर धाम से राम बालक दास महात्यागी के नाम से भरत के संत समुदाय में अपने विशेष स्थान



बनाया है हमारे समाज ने 1 मई 2022 को महाधिवेशन में अतिथि बना कर सुहेला में संत श्री का सम्मान किये हैं उन्हें प्रताड़ित एवं अपमानित किया जा रहा है मुख्य रूप से जिसका नाम आ रहा है वह भी इसी समाज से है लानत है ऐसे व्यक्ति पर जिसने संस्कार को शर्मसार किया है साधु संतों पर अमर्यादित एवं असहनीय टिप्पणी कर अपमानित करने का कोई अधिकार नही है, साधु संतों को बेबस एवं असहाय न समझे मानव समाज उनके साथ है वर्तमान में 25 मई 2022 को घटना हुई है दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो उक्त घटना की हम घोर निंदा करते है।

# साइटिका का सटीक इलाज मिला आयुर्वेदिक अस्पताल में

## आयुर्वेद चिकित्सा ने भर दी खुशियों से अहमद दंपत्ति की झोली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में हर दिन ओपीडी में कम से कम 125-150 मरीज आते हैं और परामर्श लेकर उचित इलाज पाते हैं। बीते कुछ सालों में आयुर्वेद की ओर लोगों का रुझान फिर से बढ़ा है। ब्लड प्रेशर, शुगर, सर्दी, जुकाम, कमर से जुड़ी समस्याओं से ग्रसित मरीजों की तादाद यहाँ अधिक रहती हैं क्योंकि इसका सटीक इलाज यहां मिलता है।



इन बीमारियों के अलावा हाल ही में एक दंपती के जीवन की खुशियों का कारण यही आयुर्वेदिक चिकित्सालय बना। दरोगामुड़ा की रहने वाली 30 साल की आइसा अहमद बीते 4 वर्ष से संतान की चाहत में न जाने कितने निजी चिकित्सालयों के चक्कर लगा रही थी। एक तो संतान की चाहत तो दूसरी ओर साइटिका नर्व में भीषण पीड़ा। जिससे उन्हें दैनिक कार्य भी कर पाने में समस्या होती थी। किसी ने उन्हें आयुर्वेदिक अस्पताल के डॉ.



नीरज मिश्रा एमण्डी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी से बीमारी के बारे में सलाह लेने को कहा। आइसा ने 2 साल पहले यहां से चिकित्सीय परामर्श के बाद इलाज शुरू करवाया। डॉक्टर नीरज मिश्रा ने बताया पहले साइटिका नर्व गृधसी के दर्द को ठीक करने की मैंने सलाह दी। इसके बाद निरू संतान के लिए आवश्यक दवाइयां दी। जबकि पहले वह साइटिका के दर्द को दूर करने के लिए पेन किलरए स्टेरॉयड और

न्युरोटान्समीटर दवाएं लेती थी जिससे गर्भ ठहरने में परेशानी होती है। इसलिए पहले मेरे द्वारा दर्द का इलाज किया गया। आइसा ने बताया मैं बीते 9 माह से पूर्णतया: आयुर्वेद चिकित्सा में ही रही। आयुर्वेद चिकित्सा पर पूरा भरोसा कर आज मैं एक पुत्र की मां हूं। इस चिकित्सालय ने मेरी झोली खुशियों से भर दी।

### क्या है साइटिका

साइटिका नसों में होने वाला ऐसा दर्द है जो कमर के निचले हिस्से से शुरू होकर पैरों के नीचे तक जाता है। यह कोई रोग नहीं बल्कि सैक्रोलाइटिस, डिस्कप्रोलेप्स, स्पाइनल इंफेक्शन आदि रोगों का लक्षण हो सकता है। अधिक मेहनत करने या भारी वजन उठाने से यह समस्या होती है। खराब जीवनशैली व खानपानए उठने बैठने के गलत मुद्रा से भी यह दर्द हो सकता है। इस दर्द में कुछ योगासन आराम पहुंचाते हैं जैसे भुजंगासन, वायुमुद्रा, मकरासन, मत्स्यासन, क्रीड़ासन और वज्रासन।

# विधायक विनय भगत ने मोबाइल बाइक एम्बुलेंस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




जशपुर विधायक विनय भगत ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य कार्यलय परिसर से मोबाइल बाइक एम्बुलेंस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया जशपुर जिले के दूरस्थ अंचल क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य लोगों को अब मोबाइल बाइक एम्बुलेंस की सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अन्तर्गत स्वीकृत राशि से जन जाति बाहुल्य दुर्गम क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराये जाने के लिए मोबाइल बाइक एम्बुलेंस लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रंजीत टोप्पो, सूरज चौरसिया एवं मनमोहन भगत उपस्थित थे।

# धरमजयगढ़ वनमण्डल में हाथियों की मौजूदगी के बीच घटे क्षति के मामले

## क्या विभागीय आंकड़ों की बाजीगरी तो नहीं?

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र में हाथियों की संख्या व फसल नुकसानी के प्रकरणों में अप्रत्याशित उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। हालांकि कई बार कुछ समय तक हाथियों की बड़ी संख्या के लगभग स्थिर बने रहने के बावजूद उनसे होने वाले फसल क्षति के मामलों में काफी कमी दर्ज की गई। बता दें कि बीते कुछ समय से क्षेत्र में हाथियों से होने वाले फसल नुकसानी के मामलों में आई कमी को विभागीय कवायदों की सफलता के तौर पर देखे जाने पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। यह सवाल इसलिए भी वाजिब लगता है कि गर्मी के मौसम में जंगलों में



हाथियों के लिए पानी की व्यवस्था तो कई इलाकों में उपलब्ध हो जाती है, लेकिन खाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में बीते बुधवार को विभागीय आंकड़ों के अनुसार यह स्थिति भी सामने आई जब वन मंडल क्षेत्र में 69 हाथियों की मौजूदगी के बीच विभागीय आंकड़ों में फसल क्षति का मामला निरंक रहा। जबकि इसी दिन वन मंडल क्षेत्र के छाल रेंज में 30, धरमजयगढ़ रेंज में 22, कापू में 15 व बोरो एवं बाकारुमा परिक्षेत्र में 1-1 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई। इस तरह बड़ी तादाद में हाथियों की मौजूदगी के बीच कहीं भी फसल या अन्य क्षति नहीं हुई। इसके बाद भी लगातार पिछले दो दिनों के भीतर सिर्फ छाल क्षेत्र में ही फसल नुकसानी के क्रमश: सिर्फ 7 व 2 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं आज की रिपोर्ट में छाल के खर्रा क्षेत्र में फसल नुकसानी का केवल एक मामला दर्ज किया गया है जबकि इस दौरान छाल में 30 हाथी विचरण कर रहे हैं। वर्तमान में धरमजयगढ़ फारेस्ट डिवीजन क्षेत्र में हाथियों की संख्या 46 हो गई है। वहीं हाथियों की संख्या को लेकर विभागीय आंकड़ो में त्रुटि होने की बात अब भी कही जा रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने तथा उनसे क्षति के न्यूनतम स्तर पर पहुंचने पीछे के स्पष्ट कारणों का सामने आना शायद अभी बाकी है।

# धरमजयगढ़ पुलिस के हाथ आया लंबे समय से फरार हत्या के प्रयास मामले का आरोपी

## एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चला रहे अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा लंबित मामलों के फरार आरोपियों के पतासाजी गिरफ्तारी के दिये गये दिशा निर्देश पर एसडीओपी धरमजयगढ़/सीएसपी रायगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा लंबित मामलों के डायरियों की समीक्षा कर अनुविभाग में फरार आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पुलिस टीम को लगातार सफलता मिल रही है। इसी क्रम में थाना धरमजयगढ़ के हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपी आदतन बदमाश त्रिनाथ उर्फ सोनू यादव जो दिसम्बर 2021 से फरार था जिसे एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सतत मार्गदर्शन गठित पुलिस टीम द्वारा आज खम्हार रोड, धरमजयगढ़ पर धर दबोचा गया है।

आरोपी पर थाना धरमजयगढ़ में हत्या के प्रयास के अपराध के अलावा थाना कापू, थाना पत्थलगांव के डकैती के अपराध में संलग्न था। थाना धरमजयगढ़ में आरोपी त्रिनाथ यादव पर 19 दिसंबर 2021 को प्रेमनगर धरमजयगढ़ का सतीश समझदार उर्फ बबलू रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 दिसम्बर की रात करीब 12 बजे प्रेमनगर का त्रिनाथ उर्फ सोनू यादव घर आया और दरवाजा के पास मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच करते हुए लोहे के दाव से



हत्या करने के नियत से गर्दन के पास धार तरफ से मारा। घर के लोग बीच बचाव किये। डॉयल 112 को बुलाकर रिपोर्ट कराने थाना आया, त्रिनाथ यादव इसके परिवार वालों को भी मारने की धमकी दे रहा था। आरोपी पर धारा 307,506 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। घटना के बाद से आरोपी अपने घर से फरार था पुलिस आरोपी त्रिनाथ यादव को उसके दोस्त, परिचित के यहां शरण लेने की सूचना पर दबिश दिया जा रहा था किंतु शातिर आरोपी पुलिस पकड़ के बाहर था। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर व स्टाफ लगाया गया। आज मुखबिर द्वारा आरोपी को खम्हार की ओर देखे जाने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिये रवाना हुई जिसे खम्हार रोड पर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी त्रिनाथ उर्फ सोनू यादव पिता गुरुबारू यादव उम्र 30 साल निवासी प्रेम नगर थाना धर्मजयगढ़ को हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया जहां आरोपी का न्यायिक रिमांड स्वीकृत होने पर आरोपी को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है । आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी कार्यवाही में प्रधान आरक्षक लक्ष्मी केवर्त, आरक्षक धर्नुजय चंद बेहरा, किशोर राठौर, पुष्पेंद्र सिदार, ललित राठिया की सराहनीय भूमिका रही है।

## एक नजर

### श्रद्धा ने बढ़ाया नगर का मान

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी श्रद्धा राठौर ने कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर का मान बढ़ाया है। और माता पिता को गौरान्वित किया है। कुमारी श्रद्धा की माता सरोजनी राठौर पुलिस विभाग में कार्यरत है और खरसिया पुलिस थाना में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहीं है। कुमारी श्रद्धा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा अपने गुरूजनों को दिया है। कुमारी श्रद्धा प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं, इनकी सफलता पर माता, पिता, गुरूजनों ने उन्हे बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने कुनकुरी के गड़ाकटा गोठान का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने विगत दिवस कुनकुरी विकास खंड के गड़ाकटा गोठान का निरीक्षण करके स्व सहायता समूह की महिलाओं से विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने समूह की महिलाओं को गोबर खरीदी करने के साथ ही वरमी कम्पोस्ट खाद नियमित बनाने के लिए कहा साथ ही मुर्गी पालन बकरी पालन मछली पालन मसाला उत्पादन बटेर पालन और अन्य सामग्री बनाकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया सरगुजा कमिश्नर चुरेन्द्र ने कहा कि जिला प्रशासन ने समूह की महिलाओं को जशपुर विकासखंड में सी मार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ताकि समूह की महिलाएं अपने हाथों से बनाए सामग्री का विक्रय आसानी से कर सकें। इस अवसर पर कुनकुरी एसडीएम रवि राही और स्व सहायता समूह की महिलाओं उपस्थित थी।

### जीव जंतुओं के ऊपर हिंसक हमला अनुचित-राजेश कुमार मिरी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारत देश में बहुत सारा सघन वन परीक्षेत्र है जहां नाना प्रकार के जीव जंतुओं का वास रहता है, वहीं व्यक्तियों या पर्यटकों द्वारा देखने आने-जाने पर अन्य जीव-जंतुओं के ऊपर पत्थर या डंडे से या किसी धारदार वस्तु से प्राणघातक हमला करते हैं और मांस भक्षण के रूप में उपयोग करते हैएक ओर बेजुबान जीव जंतु किसी को अपनी पीड़ा कैसे व्यक्त कर सकते हैं। कुछ असामाजिक व्यक्तियों नगण्य हीन भावना सोच विचार रखने वाले ऐसे कई लोग हैं जो जानवर व पशु पक्षियों को नुकसान पहुंचाते और उनको लगता की हम मजा ले रहे हैं, शासन-प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए बाकी



ADVOCATE RAJESH MIRE

अन्य जीव संरक्षण नियम का वास्तविक एवं उचित रूप से किया जा सके और उन पर उचित रूप से अमल किया जा सके इसी विषय पर आग्रह है कि किसी भी जानवर जीव जंतुओं पशु पक्षियों पर जीवन उतना किमती है जितना की हम सभी का जीवन बहुत मूल्यवान है हम सब जानते हैं प्रकृति के बिना संसार आधा-अधूरा लगता है प्रकृति के साथ ऐसा दुष्कृत्य हमारे भविष्य में गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है जिस पर हमें गंभीर चिंतन करना होगा मानव जीवन व जीव जंतुओं का जीना दुभर हो जायेगा।

### 30 फीट नीचे खाई में गिरा ट्रेलर

**कोरबा** । मोरगा चौकी अंतर्गत मदनपुर घाट के पास तेज रफ्तार ट्रेलर 30 फिट नीचे खाई में गिर गई। जिसके चलते ट्रेलर में आग लग गई। इस हादसें में ट्रक चालक रसीद खान और परिचालक मुन्फेद खान गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनकों उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बालकों से एक ट्रेलर एलुमुनियम लेकर दिल्ली जा रहा था इस दौरान मोरगा चौकी अंतर्गत मदनपुर घाट के पास तेज रफ्तार ट्रेलर 30 फिट नीचे खाई में गिर गई और ट्रेलर में आग लग गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना 112 और दमकल वाहन को दी गई। लेकिन टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही ट्रक जलकर खाक हो चुका था। किंतु किसी तरह ट्रेलर के चालक व परिचालक ने अपनी जान बचा ली हालांकि दोनो ही इस हादसे में घायल हो गए है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही चोरी हुए मोटर सायकल सहित आरोपी युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी अमन कुमार वर्मा पिता दिनेश कुमार वर्मा उम्र 24 साल साकिन खर्रा थाना बेरला जिला बेमेतरा ने थाना बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 मई 2022 के शाम 7 बजे अपने मोटर सायकल सीजी 04 डी व्ही 3183 हीरो होण्डा स्पेलेन्डर प्रो को ट्रांजिस्ट हास्टल के सामने खड़ा कर मोटर सायकल को लाक कर ट्रांजिस्ट हास्टल में काम करने चला गया। ट्रांजिस्ट हास्टल से 26 मई 2022 के सुबह 6 बजे देखा तो मेरे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीव्ही 3183 हीरो होण्डा



स्पेलेन्डर प्रो को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध क्रमांक 307/22 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन पर अतिण् पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया एवं स्टाफ को माल मुल्जिम पता तलास कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी कुलदीप यादव उम्र 20 साल साकिन वार्ड नं. 7 बिजली आफिस के पीछे बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के कब्जे से मोटर हीरो होण्डा स्पेलेन्डर प्रो कीमती करीबन 25 हजार रूपये को बरामद किया गया। आरोपी कुलदीप यादव पिता साधन यादव उम्र 20 साल साकिन वार्ड नं. 7 बिजली आफिस के पीछे बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को आज 28 मई 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, पवन सिंह राजपूत, हेमंत साहू आरक्षक राजेश ध्रुव, शिव कुमार सेन, मुकेश माहिरे, राहुल यादव एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही। हेमंत साहू आरक्षक राजेश ध्रुव, शिव कुमार सेन, मुकेश माहिरे, राहुल यादव एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# शनिप रात्रे ने संभाली खरसिया थाने की कमान

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

खरसिया थाने में थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक शनिप रात्रे ने पदभार संभाल लिया है। नगर निरीक्षक शनिप रात्रे इससे पूर्व बिलासपुर जिले में पदस्थ थे।

नगर निरीक्षक के रूप में अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से अपराध दरों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी। नये थाना प्रभारी से उम्मीद जगी है कि वे आम जनता



से मधुर संबंध बना कर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफल होंगे। गौरतलब है कि पुलिस कप्तान ने बिलासपुर से आये अनुभवी नगर निरीक्षक शनिप रात्रे को खरसिया थाना की कमान सौंपी है। रायगढ़ जिले में यह उनकी पहली पदस्थापना है। 2008 बैच के शनिप रात्रे ने बस्तर और बलरामपुर जैसी जगह पर 6 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी है। उन्होंने मुंगेली, बिलासपुर जैसी जगहों में कार्य किया हैं।

थानेदार शनिप रात्रे खरसिया थाना की कमान संभालते हुये मीड़िया से रूबरू हुये तथा क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों के व्यवहार एवं पीड़ितों के कमजोर मनोबल के कारण बढ़ते अपराधों के संबंध में बेबाकी से चर्चा की। मीड़िया से चर्चा करते हुये नव पदस्थ नगर निरीक्षक ने कहा की खरसिया मेरे लिये नयी जगह है। यहां आम जनता के सहयोग से उनके साथ मधुर संबंध बना कर कानून के प्रति व्याप्त भ्रम को दूर करना, पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर कार्य करते हुये अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाकर पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना मेरी प्राथमिकता है। साथ ही जुआ, सट्टा, शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराईयों को भी बहुत शिद्दत के साथ समाप्त किया जायेगा। वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से जहां नगर के अपराधियों में हडकंप व्याप्त है वहीं क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि नगर के अपराध में निश्चित तौर पर कमी आयेगीए अपराधियों के हौंसले पस्त होंगे और क्षेत्र में अमन चैन कायम होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in